मेरा परमप्रिय

यीशु मसीह

ऐड्रिन ईबेन्स

My Beloved - Hindi

मेरा परमप्रिय

(यीशु मसीह)

द्वारा

ऐड्रिन ईबेन्स

My Beloved

(Hindi)

Draft
March 15, 2012

मेरा परमप्रिय

कॉपी राईट 2012 ऐड्रिन ईबेन्स
सामान्य संस्करण

इस पुस्तक को आज़ादी के साथ कॉपी किया और बाँटा
जा सकता है बशर्ते इसके वास्तविक लेख में कोई बदलाव न किया जाए.

Website: www.maranathamedia.in
Email: adrian@life-matters.org

इस पुस्तक में सभी स्थानों पर या तो किंग जेम्स वर्ज़न
बाइबल से संदर्भ लिये गये हैं या फिर यह बताया गया है कि
कोई विशेष संदर्भ कहाँ से लिया गया है.

इस पृथ्वी की
मेरी साथी और प्रियतम मित्र लॉरेल
के लिए समर्पित है

महापवित्रस्थान की ओर यात्रा



विषय सूची

प्रस्तावना i
भूमिका ix

खण्ड 1 – निमंत्रण

अध्याय 1 – दुल्हा 1
अध्याय 2 – लालच 7
अध्याय 3 – भ्रम 14
अध्याय 4 – दरवाज़ा (द्वार) 21
अध्याय 5 – वेदी 26
अन्तराल प्रथम 34
अध्याय 6 – जल की हौदी 36
अध्याय 7 – अधिक भ्रम 42

खण्ड 2 – प्रलोभन

अध्याय 8 – पहला परदा 53
अध्याय 9 – जगत की ज्योति 63
अध्याय 10 – जीवन की रोटी 69
अन्तराल द्वितीय 76

खण्ड 3 – दो विचारों के बीच में लड़खड़ाना

अध्याय 11 – शरीर और आत्मा के बीच संघर्ष 78
अध्याय 12 – रूपान्तरित पहचान का नाटक 85
अध्याय 13 – दिमाग़ का खेल 90
अध्याय 14 – ताश के पत्तों का घर 98
अन्तराल तृतीय 107

खण्ड 4 – मेरे परमप्रिय द्वारा छुटकारा (उद्धार)

अध्याय 15 – एलिय्याह 109

अध्याय 16 – सब कुछ सुन्दर 117

अध्याय 17 – परिष्कृत (शुद्ध) करने की आग 125

अध्याय 18 – अपोलियन 135

अध्याय 19 – दिलासा देनेवाला 142

अन्तराल चतुर्थ 150

खण्ड 5 – महापवित्र स्थान

अध्याय 20 – अति प्राचीन के द्वारा मंगनी (सगाई) 153

अध्याय 21 – वाचा के संदूक के सामने 159

अध्याय 22 – मेरे परमप्रिय का आनन्द 166

उपसंहार 175

***

प्रस्तावना

आइये एक यात्रा का आरम्भ करें! यह पुस्तक एक यात्रा, जीवन को समझने के लिए एक यात्रा, यीशु के क़दमों के पीछे चलते हुए वाचा के पवित्र स्थान में एक भ्रमण की यात्रा है लेकिन यह यात्रा के समान्तर में एक दूसरी यात्रा भी है. यह क्रिश्चियन और उसकी धर्म यात्रा के बराबर में चलती है. इसके काँधों के ऊपर हमारे जीवन की यात्रा जिसमें हम चुनावों का सामना करते हैं, स्वीकारोक्ति की तलाश, सम्मान और प्रेम की चाहत रखते हैं, के अनुभव का बोझ भी है.

हमें हमारे प्रिय और धोख़ेबाज़ दोनों की आवाज़ें सुनाई देती हैं. ये आवाज़ें आपस में बहुत मिलती-जुलती हैं. पास्टर ईबेन्स अपने पिता और पुत्र की मधुर आवाज़ सुनते हुए उस परमप्रिय को पाने के अपने व्यक्तिगत अनुभव को वर्णन करते हैं. हम जैसे उन सब लोगों के लिए जो प्रति दिन बड़ी आसानी से इस दुनिया की झूठी शान-ओ-शौकत की ओर आकर्षित हो जाते हैं, यह आवाज़ बहुत धीमी-सी है. उसका वचन, पढ़ने से उसकी आवाज़ स्पष्ट रीति से सुनाई देती है और इस पुस्तक के वचनों में वह प्रकाश पाया जाता है जिसमें चलते हुए हम पवित्र स्थान में से होकर महापवित्र स्थान में प्रवेश कर सकते हैं.

वह परमप्रिय कौन है? उसे परमप्रिय क्यों कहा जाता है? उसे किसने प्रेम किया है? इस प्रकार के महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर इस पुस्तक में आपको मिलेंगे. वह कौन है

और वह क्या करता है वे बातें हैं जिन्हें छिपाने के लिए इस संसार के ईश्वर ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है ताकि वह पूरे संसार को धोख़ा देने के साथ साथ यदि संभव हो तो चुने हुओं को भी धोख़ा दे सके. हमारा अनंत जीवन इस बात के ऊपर निर्भर है कि हम इन दोनों के बीच में पाये जाने वाले अन्तर को स्पष्ट रीति से पहचान सकें. आप जो कुछ पढ़नेवाले हैं इसके द्वारा यह अन्तर वास्तविक और अद्‌भुत रीति से स्पष्ट नज़र आएगा.

इसलिए, अपने परमप्रिय को खोजते हुए आनन्द, प्रेम, शान्ति की यात्रा में पहला क़दम उठाइये.

डॉ. गैरी हुलक्विस्ट
अटलाँटा, जॉर्जिया, अमेरिका

भूमिका

मैं उसके क़दमों की आहट सुनता हूँ, प्रतीक्षा में मेरे दिल की धड़कन बढ़ जाती है. मुझे उसकी आवाज़ ऐसी लगती है जैसे बहुत से जल की आवाज़ हो. उसकी आवाज़ मेरे लिए सबसे अधिक मधुर आवाज़ है. क्या उसकी आवाज़ मुझे ही पुकार रही है? ऐसी बहुमूल्य आशा को मैं अपने सीने में कैसे दबा कर रखूँ. ऐसा ख़याल मेरे दिल में कैसे पल रहा है? यह ख़याल मेरे दिल में कहाँ से आ रहा है? यह कैसे संभव हो सकता है कि पिता का प्रिय पुत्र, सामर्थी राजकुमार मेरी ओर ध्यान दे?

क्या मैं आशा करने का साहस कर सकता हूँ? क्या इससे मेरे दिमाग़ की मूर्खता प्रगट न होगी? क्या मेरे बच्चों जैसे सपनों के लिए मेरा मज़ाक नहीं उड़ाया जाएगा? यह तो सामर्थी और साहसी राजकुमार, अपने महान पिता की शक्ति और अभिमान है; यह कैसे संभव हो सकता है कि वह मुझे पुकारे?

सुनो! क्या एकान्त में आपको उसकी आवाज़ सुनाई देती है? वह मुझे फिर से पुकारता है! उसकी सबसे मधुर आवाज़, सर्दी भरी रातों की हवा को चीरती हुई, अपने प्रिय की तलाश करती है. ओह! मेरे दिल तू शंका न कर! अपने आपको उन लोगों के तीरों का शिकार मत बनाओ जो अपमान करते हैं! वह मुझे पुकार रहा है; हाँ, वह मुझे ही पुकार रहा है. मैं अपना नाम सुन सकता हूँ! निश्चय ही वह मुझे

पुकार रहा है !

ओह ! मेरा परमप्रिय, मैं यहाँ हूँ ! मेरा रोम रोम तेरे लिए रोमांचित है. मैं जो कुछ भी हूँ सब तेरा ही है. साहस के पंखों को फैला कर विश्वास ऊँचे पहाड़ों को पार करके उन घाटियों में उतरता है जो लिली के फूलों से सुगन्धित हैं.

मैं उसे देख सकता हूँ ! गूलर के पेड़ पर बने मेरे प्रेक्षा स्थल से क्या आप उसे नहीं देख सकते? मेरा परमप्रिय जो युगों युगों की चाहत है वह आता है ! ओह, अति प्राचीन, मुझे शक्ति दे; मेरा दिल आनन्द से उछल रहा है; खुशी से मैं पागल हुआ जा रहा हूँ. मेरे परमप्रिय के द्वारा मैं अपना निवेदन आप तक पहुँचाना चाहता हूँ. हे यरूशलेम की पुत्रियो, मेरे साथ आनन्द मनाओ, क्योंकि मेरा प्रेमी के बराबर कोई और सुन्दर नहीं है; ओह, मुझे उससे कितना अधिक प्रेम है ! यह सामर्थी राजकुमार जो कोहरे में से प्रकट होता है वह गन्धरस और लोबान की सुगन्ध से सुगन्धित है. मैं अपना सिर घुमाता हूँ और अपनी आँखों पर ज़ोर डालकर यह देखता हूँ कि क्या वास्तव में वह मुझे ही तलाश कर रहा है.

तब मैं जाग जाता हूँ. मैं कहाँ हूँ? क्या हुआ? क्या यह एक सपना था? क्या मैंने बच्चों वाले सपने देखे हैं? निश्चय ही वह मेरी ही तलाश कर रहा है ! मुझे पक्का विश्वास है. हे मेरे दिल दिलासा रख. भरोसा रख, हाँ उस पर भरोसा रख कि वह मेरी ही तलाश कर रहा है.

पहला खण्ड – निमंत्रण

1. दुल्हा

पिता अपने सिंहासन से उठता है और ज्वालामय रथ में चढ़ कर पवित्रस्थान (वाचा के तम्बू) के महापवित्र स्थान में प्रवेश करता है. सिंहासन इस स्थान में रखे जाते हैं, और अति प्राचीन सिंहासन पर विराजमान होता है. दानिय्येल नबी, इस दृश्य को दर्शन में देखते हुए यह प्रकट करता है कि उसके वस्त्र बर्फ़ के समान श्वेत हैं, और उसके बाल शुद्ध ऊन के समान हैं. सिंहासन के चारों ओर लाखों स्वर्गदूत खड़े हुए हैं; उनमें से कुछ तो कार्यवाही में शामिल हैं जबकि शेष इस शानदार दृश्य को बड़ी उत्सुक्ता से देख रहे हैं.

जब से मनुष्य के पुत्र ने पृथ्वी को छोड़ा है, तब से वह आदम के पतित बेटे और बेटियों के लिए मध्यस्थता के बहुमूल्य कार्य में संलग्न है. क्षमा, अनुग्रह, सामर्थ्य, साहस, प्रकाश, सांत्वना और प्रेरणा के लिए सन्तों की प्रार्थनाएं पिता के समक्ष पहुँचाई जाती हैं. यीशु विश्वासयोग्यता के साथ इन निवेदनों को पिता के सामने पेश करता है और इस पृथ्वी पर निवास करनेवाले अपने भाईयों/बहनों के एवज़ में बहाये गये अपने लहू की दोहाई देता है.

पिता देखता है कि उसके पुत्र का आत्मा निवेदन करनेवाले लोगों के दिलों में कार्य कर रहा है; जब वह उसके पुत्र के लिये उनके दिलों में पाये जानेवाले प्रेम और उसके पवित्र वचन के ऊपर विश्वास को देखता है कि, ''जो कोई उस पर विश्वास

करे वह नाश न हो परन्तु अनन्त जीवन पाए,'' (यूहन्ना 3:16) तब ज्योतियों का पिता करुणा करके तरस खानेवाले मसीह के आत्मा को चंगाई, अनुग्रह, प्रेम, सामर्थ्य और आनन्द के साथ उनकी सेवकाई के लिए भेज देता है.

यद्यपि छोटे सींग के शक्ति की रहस्यात्मक फिलासॉफी के कारण मसीह की पवित्र मध्यस्थता के कार्य में बाधा आई थी, फिर भी लाखों लोगों ने अपने उद्धारकर्ता और प्रभु यीशु मसीह के द्वारा अनुग्रह तक पहुँचने में सफलता प्राप्त की है. अन्धकार की सदियों के दौरान परमेश्वर के सन्त, यह जानते हुए कि परमेश्वर का पुत्र, ''उनके लिए विनती करने को सर्वदा जीवित है'' (इब्रानियों 7:25) बड़े साहस के साथ अनुग्रह से सिंहासन तक पहुँचने में सफलता प्राप्त की है.

पवित्रशास्त्र के पन्नों में परमेश्वर ने अनेक ऐसे समय के प्रमाण दिये हैं जब मसीह की मध्यस्थता की सेवकाई में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है. पौलुस ने फेलिक्स को, ''आनेवाले न्याय'' के बारे में बताया (प्रेरितों के काम 24:25). यूहन्ना ने आकाश के बीच में एक संदेशवाहक को ऐसे समय के संदेश की घोषणा करते हुए देखा जिसमें कहा गया है कि, ''उसके न्याय करने का समय आ पहुँचा है'' (प्रकाशितवाक्य 14:6,9). उसमें स्वर्ग में परमेश्वर के मन्दिर को भी देखा जो खुला हुआ था, और उसने वाचा के संदूक को बिजली की चमक, आवाज़ों और गर्जन के बीच देखा. (प्रकाशितवाक्य 11:19)

न्याय की इस घड़ी की तैयारी के लिए, इस पृथ्वी के ऊपर स्वर्ग से एक प्रकाश चमक रहा था जो इस बात का संकेत देता था कि मसीह का आगमन निकट था. उन अनेक लोगों में जिन्होंने 1844 में पवित्रस्थान के शुद्ध होने की गणना की है, उसे बहुत स्पष्ट तरीके से समझाने वालों में विलियम मिलर का नाम प्रमुख है. दुनिया भर के मिशन केन्द्रों से इस संदेश की घोषणा की गई कि मसीह आ रहा था! मसीह तो वास्तव में आ रहा था, लेकिन अपनी दुल्हिन को लेने के लिए वह इस पृथ्वी के ऊपर नहीं आ रहा था, किन्तु वह अपने पिता के पास यह निश्चय करने के लिए आ रहा था कि दुल्हिन का हिस्सा कौन कौन लोग होने वाले हैं. विवाह का आयोजन

दूसरे आगमन के बाद नहीं होगा परन्तु उससे पहले ही होगा!

बुद्धिमान कुँवारियाँ जिन्होंने यह आवाज़, ''देखो, दुल्हा आ रहा है'' सुनी, वे इस बात को समझ गईं की दुल्हा वास्तव में कहाँ जा रहा था. और इसीलिये हम पढ़ते हैं:

> मैंने रात में स्वप्न में देखा, और देखो, **मनुष्य के संतान सा कोई आकाश के बादलों में आ रहा था, और वह उस अति प्राचीन के पास पहुँचा,** और उसको वे उसे समीप लाए. तब उसको ऐसी प्रभुता, महिमा और राज्य दिया गया, कि देश-देश और जाति-जाति के लोग और भिन्न-भिन्न भाषा बोलनेवाले सब उसके अधीन हों; उसकी प्रभुता सदा तक अटल, और उसका राज्य अविनाशी ठहरा. दानिय्येल 7:13-14.

जब यीशु को बादलों के साथ अति प्राचीन के पास पहुँचाया गया, क्रिश्चियन के लिए पवित्रीकरण की पूरी विचारधारा ही बदल गई. इस समय से पहले जो लोग मसीह के ऊपर भरोसा रखते थे, उन्हें इस बात का ज़रा भी गुमान न था कि मसीह के इस पृथ्वी पर अपनी दुल्हिन को लेने के लिए आने से पहले ही पापों की क्षमा का कार्य बन्द हो चुका होगा.

> देखो, मैं अपने दूत को भेजता हूँ, और वह मार्ग को मेरे आगे सुधारेगा, और प्रभु जिसे तुम ढूँढ़ते हो, **वह अचानक अपने मन्दिर में आ जाएगा; हाँ, वाचा का वह दूत, जिसे तुम चाहते हो,** सुनो, वह आता है, सेनाओं के यहोवा का यही वचन है. (2) **परन्तु उसके आने के दिन को कौन सह सकेगा, और जब वह दिखाई दे तब कौन खड़ा रह सकेगा?** क्योंकि वह सोनार की आग और धोबी के साबुन के समान है. (3) **वह रूपे का तानेवाला और शुद्ध करनेवाला बनेगा,** और लेवियों को शुद्ध करेगा और उनको सोने रूपे के समान निर्मल करेगा, तब वे यहोवा की भेंट धर्म से चढ़ाएँगे. (4) तब यहूदा और यरूशलेम की भेंट यहोवा को ऐसी भाएगी, जैसी पहले के दिनों में और प्राचीनकाल में भाती थी. (5) **तब मैं न्याय करने को तुम्हारे निकट आऊँगा;** और टोन्हों, और व्यभिचारियों,

> और झूठी किरिया खानेवालों के विरुद्ध, और जो मज़दूर की मज़दूरी को दबाते, और विधवा और अनाथोंपर अन्धेर करते, और परदेशी का न्याय बिगाड़ते, और मेरा भय नहीं मानते, उन सभों के विरुद्ध मैं तुरन्त साक्षी दूँगा, सेनाओं के यहोवा का यही वचन है. मलाकी 3:1–5.

जब परमेश्वर के लोगों ने भविष्यद्वाणियों का सावधानी के साथ अध्ययन किया, उन्होंने पता लगा लिया कि जो लोग उसके आगमन के दिन का सामना करेंगे उन्हें सोने और चाँदी के समान आग की भट्टी में ताया जाएगा. उन्होंने खोज लिया कि न्याय के समय परमेश्वर उनके इतना निकट आएगा कि उन्हें परमेश्वर के सामने बिना किसी मध्यस्थ के खड़ा होना पड़ेगा. (यशायाह 59:16).

महापवित्र स्थान का अनुभव परमेश्वर के लोगों को उनके उद्धारकर्ता के साथ इतने अधिक घनिष्ट संबन्ध में बाँध देगा कि उनके लिए वास्तव में ऐसा कहा जाएगा:

> हे प्रियो, अब हम परमेश्वर की संतान हैं, और अभी तक यह प्रगट नहीं हुआ कि हम क्या कुछ होंगे! इतना जानते हैं कि जब वह प्रगट होगा तो हम उसके समान होंगे, क्योंकि उसको वैसा ही देखेंगे जैसा वह है. 1 यूहन्ना 3:2.

जिस समय यीशु को पिता के समीप लाया गया, तो अधिकांश मसीही समाज ने पहले तो इस बात को अस्वीकार कर दिया कि मसीह आ रहा था और दूसरा यह कि न्याय प्रक्रिया के द्वारा राज्य को प्राप्त करने के लिए वह अति प्राचीन के समीप आ रहा था.

यह न्याय दुल्हे को उसकी दुल्हिन के हृदय को परखने का अवसर देता है कि वास्तव में वह उससे प्रेम करती और उसके ऊपर भरोसा करती भी है या नहीं. क्या वह उसके ऊपर इतना भरोसा रखती है कि वह उसे न्याय के सामने खड़ा करे? क्या वह उसके ऊपर इतना भरोसा करती है कि वह उसे उस दशा तक लेकर जाए जब उसे पाप के लिए बिना किसी मध्यस्थ के खड़ा होना पड़े? क्या उसकी प्रतिज्ञाएँ उसे

संभाले रहेंगी और उसे विश्रामगाह तक पहुँचाएंगी?

महापवित्र स्थान का अनुभव भावी दुल्हिन से यह अपेक्षा करता है कि वह अपने होनेवाले पति को निकटता से परखे जैसे वह उसे निकटता से परखता है. यह मनुष्य का पुत्र कौन है? वह कहाँ से आया? उसके पास कौन सी योग्यताएँ हैं? उसका अति प्राचीन अर्थात् पिता से क्या संबन्ध है? शुद्धता की ऐसी कठिन प्रक्रिया से वह उसे क्यों गुज़ारना चाहता है? क्या किसी के लिए उस व्यक्ति के साथ अति घनिष्ठता का संबन्ध बनाना संभव है जिसके उद्भव विषय में वह बहुत कम या बिल्कुल भी नहीं जानता है? क्या ऐसे व्यक्ति पर इस बात के लिए भरोसा किया जा सकता है कि वह उसे महा पवित्र स्थान के अनुभव में से होकर गुज़ारे?

ये बातों हमें इस किताब के मूल विषय तक ले कर आती हैं, जिसमें हम महा पवित्र स्थान के अनुभव के संदर्भ में मनुष्य के पुत्र के विषय में यथा संभव ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास करेंगे. जबकि यह संभव है कि जीवन के इस गौरवशाली राजकुमार के विषय में पवित्रशास्त्र में पाये जानेवाले सभी संदर्भों की सूची प्रस्तुत की जा सके किन्तु महापवित्र स्थान का अनुभव हमें विवाह भोज के लिए आमंत्रित करता है और इस प्रकार एक प्रेम कहानी सुनाने के लिए मंच तैयार हो जाता है. मैं सोचता हूँ कि यदि चुनाव करने का अवसर मिले तो हम में से अधिकाँश लोग केवल तथ्यों की अपेक्षा कहानी सुनना अधिक पसन्द करेंगे.

आनेवाले अध्यायों में मैं आपके साथ अपने उस अनुभव को साझा करूँगा जो दुल्हे को जानने के द्वारा मुझे प्राप्त हुआ है और मैं उससे इतना अधिक प्रेम क्यों करता हूँ.

यीशु मसीह जीवन का मार्ग है, और हमें भजन संहिता में इस तरह से बताया गया है:

> ''तेरी गति पवित्रता (मूल में पवित्र स्थान में) की है: कौन सा देवता परमेश्वर के तुल्य है?'' भजन संहिता 77:13

इस प्रेम कहानी की शुरूआत पवित्रस्थान की राह से बनी होगी और द्वार से आरम्भ होकर और महापवित्र स्थान तक लेकर जाएगी. इस संदर्भ में 'पिलग्रिम्स प्रोग्रेस'[1] की कहानी को श्रेष्ठगीत की तर्ज के साथ मिलाकर इसकी विषयवस्तु को तैयार किया गया है.

***

[1] 'पिलग्रिम्स प्रोग्रेस,' ..., मसीही जीवन को सही ढंग से चित्रित करता है, और इस प्रकार के आकर्षक प्रकाश में मसीह के प्रेम को प्रस्तुत करता है, कि सैकड़ों और हजारों को अपने साधन के माध्यम से परिवर्तित दिया गया है. एलेन व्हाइट, हिस्टोरिकल स्केचेज़ ऑफ फॉरेन मिशन्स ऑफ सेवन्थ-डे एडवेंटिस्ट, पृष्ठ 151

2. लालच

मैं स्तंभित होकर तारों भरे आकाश की ओर ताक रहा था. बादल रहित आसमान के नीचे खड़े होकर मैं आकाशगंगा गैलेक्सी की शान-ओ-शौकत को देख सकता था. मेरे सृष्टिकर्ता के विषय में सोचने के विषय में यह मेरी पहली यादों में से एक है. उस समय मैं चार वर्ष का था और वह दृश्य आज भी मेरे स्मृति पटल पर स्पष्ट रूप से अंकित है. मेरी आँखों ने कितनी अधिक सुन्दरता और महानता के दर्शन किये थे. एक बालक के रूप में मुझे सिखाया गया था कि:

> आकाश परमेश्वर की महिमा का वर्णन कर रहा है; और आकाशमण्डल उसकी हस्तकला को प्रगट कर रहा है. भजन संहिता 19:1
>
> आकाशमण्डल यहोवा के वचन से, और उसके सारे गण उसके मुँह की श्वाँस से बने. भजन संहिता 33:7.

मेरी माँ मुझे यह बात बार बार याद दिलाने के लिए कोई भी अवसर खाली नहीं जाने देती थी कि यह संसार और जो कुछ इसमें है उसे परमेश्वर ने ही बनाया है. 1970 के दशक में चिंतामुक्त होकर बढ़ रहे बालक के जीवन में आनेवाली बहुत सी उत्तेजनामय गतिविधियों की बीच में ये विचार कहीं खो से गये थे. मेरे बचपन का अधिकांश भाग मैंने दोस्तों के साथ खेलने, स्कूल जाने और अपने आप में ही मस्त रहने में बिताया था. मैं अपने दिमाग़ पर ज़ोर डालकर उस क्षण को याद करने की

कोशिश करता हूँ जब मैंने अपने परमप्रिय की आवाज़ की ओर पहली बार ध्यान दिया था.

मैं ऐसी अनेक बातों की कल्पना कर सकता हूँ जो घटी होंगी, लेकिन इस प्रेम कहानी के बिन्दुओं को जोड़नेवाली कड़ियाँ तो उन्हीं बातों से बनती हैं जो मेरी याद में आज भी रची और बसी हुई हैं. कुछ ऐसी बातें हैं जिन्हें मैं नकारात्मक अनुभवों के कारण याद करता हूँ. मुझे वह रात याद आती है जिसमें मेरे माता-पिता एक संगीत समारोह में भाग लेने के लिए गये इसलिए मुझे और मेरी बहन को अपने एक मित्र की देख-रेख में छोड़ गये. मुझे भली प्रकार से याद है कि अपने बिस्तर में पड़े हुए मैं कितना अधिक चिंतित था और अपने कान उस आवाज़ को सुनने के लिए लगाये हुए था जो मेरे माता-पिता की कार के आने से होती थी.

यद्यपि मैं यह बात उस समय नहीं समझ पाया था, लेकिन आज मैं भली प्रकार से समझ सकता हूँ कि मेरे माता-पिता ने मेरे परमप्रिय के प्रेम को दर्शाया था. मुझे भली प्रकार से याद है कि मैं अपने पिता की ताकत, विशेषरूप से जब वे मुझे अपनी बाहों में भर लेते थे तो मैं अपने आपको कितना अधिक सुरक्षित महसूस करता था. मेरी नज़र में मेरे पिता हवा की तरह दौड़ सकते, भारी बोझ उठा सकते, बड़ी शान और शक्ति से कुल्हाड़ी घुमा सकते और सब कुछ बना सकते थे. मेरा अनुभव इस सच्चाई को सही ठहराता है कि:

> बूढ़ों की शोभा उनके नाती-पोते होते हैं; और बाल-बच्चों की शोभा उनके माता-पिता हैं. नीतिवचन 17:6.

मेरा परमप्रिय अपनी शक्ति, अनुग्रह और योग्यता को प्रगट करते हुए मेरे पिता को मेरे जीवन में इसलिए लाया ताकि उनकी शक्ति, कृपा और योग्यता अपने बालकों को प्रेम और सुरक्षा प्रदान कर सकें. दूसरी बात जो मुझे याद है वह मेरी माता के द्वारा हमारे लिये प्रोत्साहन, हमदर्दी और पालन-पोषण करनेवाली बातें हैं. वे हमारे लिए विशेष व्यंजन बनातीं, हमारे ज़ख़्मों पर मरहम पट्टी करतीं, जब कभी हमारे घर के

ऊपर से भंयकर तूफान गुज़रता था तो उस समय हमारे डर को दूर करने के लिए भजन संहिता के पदों को दोहराती हुई उनकी मधुर आवाज़ जैसी भली बातें मुझे आज भी याद हैं. एक बार पुन: मैं अपने परमप्रिय की आवाज़ को अपनी माता के लाड़-प्यार में भी सुन सकता था.

एक बार चीते के समान तेज़ दौड़नेवाले साँप का सामना और चमत्कारिक रूप से एक कार दुर्घटना में बच निकलना ऐसी घटनाएं थीं जिनके द्वारा मेरे परमप्रिय द्वारा मुझे सुरक्षा प्रदान करने के विषय में मैं समझ पाया. मेरी माता का बाइबल से सबसे प्रिय वचन आज भी मेरे अन्त:करण में अंकित है:

> यहोवा के डरवैयों के चारों ओर उसका दूत छावनी किये हुए उनको बचाता है. भजन संहिता 34:7.

बाइबल की कहानियों की एक विशेष तस्वीर मुझे आज भी भली प्रकार से याद है जो मेरी माँ अक्सर मुझे सुनाया करती थी. इस तस्वीर में एक बालक को लाल रंग की एक बोझा ढोनेवाली खिलौना कार में दिखाया गया था जिसकी तरफ एक एक बड़ी कार तेज़ गति से आ रही थी और एक स्वर्गदूत अपने पंखों को फैलाकर उसकी सुरक्षा कर रहा था. मेरे परमप्रिय के द्वारा यह प्रगट करने के लिए कि वह मेरी कितनी परवाह करता है और हमारी सुरक्षा के लिए अपने स्वर्गदूत को भेजता है यह मेरे लिए सांत्वना भरा एक संदेश था.

मेरे पिता का परमेश्वर में विश्वास सादगी भरा और व्यवहारिक था. उनके मुँह से निकलेवाले दो विषय मुझे याद आ रहे हैं: परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करो और अपने पड़ोसी से प्रेम करो. दो वचन जिनके ऊपर वे विशेष बल दिया करते थे:

> सब कुछ सुना गया; अन्त की बात यह है कि परमेश्वर का भय मान और उसकी आज्ञाओं को का पालन कर; क्योंकि मनुष्य का सम्पूर्ण कर्तव्य यही है. सभोपदेशक 12:13.

> इस कारण जो कुछ तुम चाहते हो कि मनुष्य तुम्हारे साथ करें, तुम भी उनके साथ वैसा ही करो: क्योंकि व्यवस्था और भविष्यद्वक्ताओं की शिक्षा यही है. मत्ती 7:12.

सही काम करने और ईमानदार बनने के ऊपर उनके द्वारा दिये गये बल ने मेरे अन्दर एक कोमल विवेक का निर्माण किया. मुझे याद है जब अनेक बार मैंने व्यवस्था का उल्लंघन किया और इससे मेरे विवेक में मुझे ग्लानि का अनुभव हुआ. मुझे याद है एक बार जब मैं मात्र 6 वर्ष का था मैंने परमेश्वर के सामने प्रार्थना में आँसू बहाकर पश्चाताप किया था.आज ग्लानि को एक भयानक तकलीफ के रूप में देखा जाता है. फिर भी मेरे लिए, मैं इस कोमल विवेक के लिए परमेश्वर का धन्यवाद करता हूँ. इसी के द्वारा मैंने अपने परमप्रिय की प्रेम भरी, मार्गदर्शन करनेवाली और चेतावनी देनेवाली आवाज़ को सुना है.

मेरे माता-पिता ने हमारे लिये दस किताबोंवाली ''द बाईबल स्टोरी'' का एक सेट खरीदा. इनमें से कुछ कहानियों का रिकॉर्ड हमारे पास विनाइल के ऊपर भी दर्ज हैं. मुझे याद है कि मैंने मूसा और लाल समुद्र, यहोशू और यरीहो, दाऊद और गोलियत, एलिय्याह और एलीशा की कहानियाँ सुनीं थीं. आज भी हमारे घर में दस किताबों का वह सेट है और उनकी अनेक तस्वीरें हमारे बचपन की यादों को ताज़ा करती हैं. ये कहानियाँ हमारे माता-पिता की सुरक्षात्मक देखभाल के आधार पर मुझे मेरे परमप्रिय के प्रेम के विषय में बहुत कुछ सिखाती हैं. इन कहानियों के द्वारा उसने मुझे इस संसार की कहानी को समझाया, कि इसकी रचना किस प्रकार हुई, पाप इस संसार में किस तरह से आया, अच्छाई और बुराई के बीच में संघर्ष किस प्रकार से शुरू हुआ, पाप का उपचार क्या है, इस संसार का अन्त किस प्रकार से होगा और सब्बत का पालन करने के साथ साथ जो लोग परमेश्वर से प्रेम करते और उनकी आज्ञाओं को मानते हैं उन्हें क्या प्रतिफल मिलेगा.

मुझे याद है कि मैं सब्बत स्कूल और चर्च में भाग लेता था और चर्च के प्राथमिक

विद्यालय में अध्ययन करता था. मेरे जीवन के पहले बारह वर्ष तक के समय की ऐसी बहुत ही कम घटनाएं मुझे याद हैं जिन्होंने मेरे आत्मिक जीवन को प्रभावित किया हो. मुझे याद है कि मैं तस्वीरों में रंग भरता था, गीत गाता था, खेल खेलता था, परन्तु ऐसी कोई बात मुझे याद नहीं जिसने आत्मिक रूप से मुझे प्रभावित किया हो. जिस बात से मुझे आश्चर्य होता है वह यह है कि यद्यपि मैंने बारह वर्ष की उम्र तक यीशु के बारे में अनेक कहानियाँ सुनीं थीं लेकिन मुझे उनमें से कोई एक भी कहानी पूरी तरह से याद नहीं है. मुझे एक या दो बार की वे बातें याद हैं जब उन लोगों को उपदेश के बाद चर्च में आगे बुलाया जाता था जो अपना जीवन यीशु को समर्पित करना चाहते थे और मैं इस बात को महसूस करता था कि मुझे अनेक आँखें घूर रहीं होती थीं क्योंकि जो आगे जाते थे वे भले समझे जाते थे और जो आगे नहीं जाते थे वे बुरे लोग समझे जाते थे.

हमारी कलीसिया में युवाओं का एक संगठन होता था जिसे पाथफाइन्डर्स कहते हैं जिसमें युवा और युवतियाँ अनेक कार्यों और गतिविधियों के द्वारा अनेक स्तरों तक तरक्की करते हैं. बारह वर्ष में उम्र में मुझसे अपेक्षा की गई कि मैं अपना कोर्स पूरा करने के लिए बाईबल को पढ़ूँ. यह पहली घटना थी जब बाईबल से मेरा आमना सामना हुआ था. उत्पत्ति और गिनती की किताबों की कहानियों की अनेक यादें मेरे दिमाग़ में थीं! मुझे सुसमाचार और पुराने नियम की कुछ दूसरी कहानियाँ भी याद थीं. यद्यपि मेरा लक्ष्य तो यही था कि किसी तरह से उस कार्य को पूरा करूँ जो मुझे पाथफाइन्डर्स में दिया गया था, फिर भी एक रुचि सी थी जिसके कारण कुछ कहानियों के विषय में उत्सुक्तावश मेरे दिल में अनेक प्रश्न उठने लगे. यहाँ पर मैंने पहली बार परमेश्वर के वचन का स्वाद चखा था. मुझे दिये गये कार्य में यह भी शामिल था कि मैं भजन संहिता तेइस और मत्ती पाँच अध्याय में पाये जानेवाले धन्य वचनों को भी याद करूँ. इन वचनों ने मेरे जीवन को प्रभावित किया:

> **यहोवा** मेरा चरवाहा है, मुझे कुछ घटी न होगी. (2) वह मुझे हरी हरी चराइयों में बैठाता है; वह मुझे सुखदाई जल के झरने के पास ले चलता है; (3) वह मेरे जी में जी ले आता है. धर्म के मार्गों में वह अपने नाम के

> निमित्त मेरी अगुवाई करता है. (4) चाहे मैं घोर अंधकार से भरी हुई तराई में होकर चलूँ, तौभी हानि से डरूँगा; क्योंकि तू मेरे साथ रहता है; तेरे सोटे और तेरी लाठी से मुझे शान्ति मिलती है. (5) तू मेरे सतानेवालों के सामने मेरे लिए मेज़ बिछाता है; तू ने मेरे सिर पर तेल मलता है, मेरा कटोरा उमड़ रहा है. (6) निश्चिय भलाई और करुणा जीवन भर मेरे साथ बनी रहेंगी; और मैं **यहोवा** के धाम में सर्वदा वास करूँगा. भजन संहिता 23:1-6.

यही वह पहला पद्यांश है जिसके द्वारा मेरे परमप्रिय ने मुझे पहली बार इस बात के लिए लालायित किया कि मैं उसके विषय में चिंतन और मनन करूँ. जब मैं इन शब्दों को पढ़ता हूँ,''यहोवा मेरा चरवाहा है'', तो मेरे दिमाग़ में एक ऐसे इंसान की तस्वीर उभरती है जो बड़ी कोमलता के साथ अपनी भेड़ों को चराते हुए उनके ऊपर आनेवाले किसी भी संभव ख़तरे के प्रति बड़ा सतर्क और चौकन्ना रहता है. मैंने यीशु और चरवाहे में तुलना करने की कोशिश की. फिर मेरे दिमाग़ में सवाल उभरा, *''मुझे कुछ घटी नहीं होगी''* इस बात का क्या अर्थ है? मुझे याद है कि मेरे दिल ने उत्तर दिया कि मुझे कुछ घटी नहीं होगी क्योंकि चरवाहा मेरे लिए उस प्रत्येक वस्तु का प्रबन्ध करेगा किसकी मुझे ज़रूरत हो सकती है. मेरा परमप्रिय अपने वचन के द्वारा मुझसे बातें कर रहा था. उसकी आवाज़ मधुर और स्पष्ट थी, फिर भी मैं पढ़ते समय जल जैसी शान्ति का अनुभव कर सकता था. काश उसकी उस मधुर आवाज़ को मैं बिना किसी बाधा के सुन सकता, लेकिन एक और आवाज़ भी इसमें बाधा डाल रही थी, मुझे धोख़ा दे रही थी, मेरी चापलूसी कर रही थी, मुझे डरा रही थी और मुझे हतोत्साहित कर रही थी, जिसकी चर्चा हम अगले अध्याय में करेंगे.

इसी दौरान मैंने बपतिस्में की तैयारी के लिए हमारे चर्च पास्टर से बाइबल अध्ययन लेना भी शुरू कर दिया. जो कुछ मैंने सीखा वह तो मुझे याद नहीं है, लेकिन मुझे ऐसा लगा कि मेरे निर्णय से मेरा परमेश्वर, मेरे माता-पिता और मेरी कलीसिया सभी ख़ुश थे. अभी तक मुझे उस परमेश्वर के विषय में अधिक कुछ मालूम नहीं था जिसकी सेवा करने की मैं प्रतिज्ञा ले रहा था. मैं जानता था कि परमेश्वर है और उसके पुत्र का नाम यीशु है. मुझे पवित्र आत्मा के बारे में भी बताया गया था लेकिन

इसके कार्य के बारे में वास्तव में मुझे कुछ अधिक जानकारी नहीं थी. मैं विश्वास करता था कि परमेश्वर ने अपने पुत्र को इस संसार में भेजा है और यदि मैं उसके पुत्र के ऊपर विश्वास करूँगा तो मुझे अनन्त जीवन मिलेगा. यह तो एक साधारण का कार्य था जिसे साधारण विश्वास के द्वारा किया जाना था.

जब मैं अपने बचपन के दिनों को याद करता हूँ तो मैं देखता हूँ कि मेरे परमप्रिय का हाथ बराबर मेरे ऊपर बना रहा. नींव के पत्थर उचित स्थान पर रखे गये जिनके माध्यम से मैं मेरे प्रभु के ज्ञान में आगे बढ़ने लगा. फिर भी इन सब सुविधाओं के बावजूद, आदम से प्राप्त हुआ मेरा पापी स्वभाव और उस वातावरण का असर जिसमें मैं बढ़ रहा था, उसने मेरे बचपन के बपतिस्में को उतना अधिक महत्वपूर्ण नहीं बनने दिया जितना कि होना चाहिए था. मेरी शिक्षा के दौरान मैं मेरे परमप्रिय के विषय में इतना ज्ञान प्राप्त नहीं कर सका जिससे मेरा बपतिस्मा अर्थपूर्ण हो जाता. इसके साथ ही वह कलीसिया जिसका मैं सदस्य था, उसमें ऐसी अनेक बातें पनप रही थीं जिनके कारण मैं अपने परमप्रिय से अधिक दूर होता चला गया और मेरा प्रभु मेरे पहुँच से दूर होता गया.

मैं भरोसा करता हूँ कि परमेश्वर इस बात से ख़ुश था कि मैंने उसके और उसके पुत्र के हाथों में अपना जीवन समर्पित कर दिया था, फिर भी मेरे बचपन की प्रतिज्ञाएं बहुत जल्दी ही उन जंगली झाड़ियों के बीच में दब गईं जिनके बीज वह दुष्ट मेरे जीवन में बोने में सफल रहा था.

***

3. भ्रम

मेरे बचपन को मेरे परमप्रिय ने मेरे माता-पिता की कोमलता भरी देखभाल, प्रकृति के साथ मेरी संगति और बाईबल की कहानियों के द्वारा सजाया और संवारा. प्रलोभन मधुर और स्पष्ट था, लेकिन फिर भी अब मैं उन बातों के बीच में जिस शान्ति, विश्राम और आशीषें प्राप्त हुईं उनकी याद करके अक्सर मुस्कराता हूँ. काश! मुझे हमेशा तक केवल मेरे परमप्रिय की आवाज़ के अलावा कोई दूसरी आवाज़ सुनने को मिलती ही नहीं.

हालाँकि मेरा परमप्रिय मेरे अति निकट ही था फिर भी उसकी आवाज़ सुनना काफी कठिन प्रतीत हो रहा था और ऐसा लग रहा था मानो वह मुझसे बहुत दूर हो. एक दूसरी ही आवाज़ बहुत क़रीब से आ रही थी. यह आवाज़ काफी तेज़ थी, यहाँ तक कि अधिक स्वीकारात्मक और कई बार तो बलपूर्वक लगती थी. इस आवाज़ का सारांश नीचे दिये गये वचनों से स्पष्ट हो सकता है:

> तू मन में कहता तो था, ''मैं स्वर्ग पर चढ़ूँगा; मैं अपने सिंहासन को ईश्वर के तारागण से अधिक ऊँचा करूँगा; और उत्तर दिशा की छोर पर सभा के पर्वत पर विराजूँगा, (14) मैं मेघों से भी ऊँचे ऊँचे स्थानों के ऊपर चढ़ूँगा, मैं परमप्रधान के तुल्य हो जाऊँगा.'' यशायाह 14:13-14.

इस आवाज़ की प्रतिध्वनि प्राकृतिक रूप से मेरे अन्दर से सुनाई दे रही थी. यह

आवाज़ सलाह दे रही थी कि सच्ची ख़ुशी तो मनोरंजन और तमाशे में, टॉफी और कार्टून्स में, अपनी ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने और सराहना प्राप्त करने में था. अपने प्रारंभिक अनुभव में ही मैंने यह बात सीख ली थी कि लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने, उन्हें हंसाने या फिर तारीफ सुनने में सबसे अधिक संतुष्टि मिलती है. ऐसा लगता था मानो मैं आकाश में निहार रहा हूँ या फिर जैसे मेरे माता–पिता मुझे गले लगा रहे हैं. उन दोनों को ही अच्छा लगता था; लेकिन मैं इन दोनों आवाज़ों के बीच में भेद नहीं कर पा रहा था.

यह आवाज़ मुझे प्रलोभन दे रही थी कि मैं केक, टॉफी, आइसक्रीम और सॉफ्ट ड्रिंक्स में आनन्द प्राप्त करूँ. माता–पिता की मनाही पर मैं तब तक ज़ोर ज़ोर से चीखता था जब तक कि अनुशासन की छड़ी नहीं पड़ती थी. टेलिवीज़न मुझे सिखानेवालों में प्रमुख था. मैं ऐसे नायकों को देखना पसन्द करता था जो बड़े ख़तरनाक शत्रुओं को पराजित करते थे. मैं ऐसे परिवारों को देखता था जो हमारे समान समस्याओं के ऊपर बिना प्रार्थना के ही जयवन्त होते थे. मैंने बच्चों की ऐसी अनेक मूवीज़ देखीं जिनमें मुख्य पात्रों को परमेश्वर, बाईबल और प्रार्थना के बिना ही सफल जीवन जीते हुए दिखाया गया था.

मेरे स्कूल की शिक्षा के दौरान बिन बोले जो शिक्षा मुझे मिली थी उसकी एक हिस्सा यह भी था कि जो लोग हमारे इर्द–गिर्द हैं उनका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने से ख़ुशी मिलती है. इस अनलिखी व्यवस्था ने मुझे सिखाया कि यदि मैं यह चाहता हूँ कि लोग मुझे पसन्द करें, तो यह ज़रूरी था कि मैं अधिक मेहनत के साथ अपनी पढ़ाई को करूँ. एक बालक के लिए पढ़ाई में कड़ी मेहनत करना अच्छा लगने वाला कार्य नहीं था; इसलिए मैंने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के दूसरे तरीके खोज निकाले ! जोकर का रोल करने से मैं दूसरे छात्रों का ध्यान मेरी ओर आकर्षित करने में सफल हो गया और अध्यापक भी केवल मेरे लिए पढ़ाना बन्द कर देते थे ! जब तक यह होता रहा तब तक यह तो बहुत ही अच्छा लगता था. लेकिन एक बार फिर अनुशासन की छड़ी ने सिखाया कि इस तरह से लोगों के ध्यान को अपनी ओर आकर्षित करने की भी कीमत चुकानी पड़ती है.

ध्यान से सुनने पर पता चलता है कि प्रलोभित करनेवाले की आवाज़ दो दिशाओं में धकेलती है. या तो अधिकारियों और मित्रों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए जोकर बनने के लिए मुझे प्रलोभन दिया जाता था या फिर कठिन मेहनत से पढ़ाई करने के लिए जिससे मैं एक आदर्श बालक बन सकूँ. दोनो ही तरह से यह आवाज़ यही कहना चाहती थी कि ख़ुशी का मतलब ही यह है कि किसी भी तरह से लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करके रखा जाए.

जितना अधिक मेरे माता–पिता मुझे सुधारने का प्रयास करते थे उतना ही अधिक वह आवाज़ मुझे प्रलोभित करती थी कि मैं आदेशों का उल्लंघन करने के लिए मजाकिया रोल अदा करूँ. जितना अधिक मेरे माता–पिता मुझे स्वीकार करते थे, उतना ही अधिक मैं यह प्रयास करता था कि स्कूल में मैं अच्छे अंक प्राप्त करूँ. फिर भी बात यहीं पर ख़त्म नहीं हो जाती है. मैं अपने परिवार और मित्रों के सामने यह दिखाने की कोशिश भी कर रहा था कि मैं एक भला मसीही था. इस संदर्भ में प्रलोभन में डालनेवाले और मेरे परमप्रिय की आवाज़ों काफी हद तक समानता थी.

मेरा परमप्रिय चाहता था कि मैं अपने माता–पिता की आज्ञा मानूँ, अपनी बाइबल पढ़ूँ,प्rार्थनाक रूँअ ौरअ च्छीत रहअ पनीप ढ़ाईक रूँ.ल ेकिनज बप्rलोभित करनेवाले ने देखा कि मैं अपने अधिकारियों का समर्थन और प्यार चाहता था, वह मुझे यही कार्य बिल्कुल एक अलग उद्देश्य के लिए करने के लिए प्रलोभन में डालना चाहता था. एक बालक के रूप में मुझे इतनी समझ नहीं थी कि उद्देश्य में भेद कर सकूँ. एक बालक तो केवल इतना ही समझता है कि उसकी आज्ञा दी जाती है और वह या तो पालन करने का चुनाव करता है या फिर उल्लंघन करने का. उसे इस बात की समझ नहीं होती है कि वह उस आज्ञा को पालन करने या फिर उलंघ्घन करने का चुनाव क्यों करता है.

> मैं यह कहता हूँ कि वारिस जब तक बालक है, यद्यपि सब वस्तुओं का स्वामी है, तौभी उसमें और दास में कोई भेद नहीं; (2) परन्तु पिता के ठहराए हुए समय तक संरक्षकों और प्रबन्धकों के वश में रहता है. (3) वैसे

> ही हम भी जब बालक थे, तो संसार की आदि शिक्षा के वश में होकर दास बने हुए थे. गलातियों 4:1-3.

मेरे परमप्रिय ने मेरे माता-पिता और बाइबल की कहानियों के द्वारा मुझे समझाया कि अधिकारियों का विरोध करने के द्वारा सबकी नज़रों में बने रहने की चाहत केवल ग़लत ही नहीं है परन्तु दर्दनाक भी है. ये निष्कर्ष मेरे जागरूक दिमाग़ की उपज नहीं थे परन्तु वास्तव में वे मेरे सुप्त दिमाग़ से प्रगट हुए. इसलिए मैंने लोगों के ध्यान को मेरी ओर आकर्षित करने के लिए कठिन परिश्रम, प्रयास और स्वीकार करने के योग्य उपलब्धियों के द्वारा प्राप्त करने का मार्ग चुना. इस बात का यह अर्थ नहीं है कि मैंने उस समय विरोध नहीं किया जब मुझे लगा कि अधिकारी ग़लत, पक्षपाती और परस्पर विरोधी थे. मैंने सीखा कि कठिन परिश्रम करने के बाद भी, सम्मान प्राप्त करने का मेरा लक्ष्य मेरे हाथ से फिसल सकता था.

मेरे जीवन के लगभग प्रत्येक अनुभव ने मुझे यही सूचित किया कि जीवन का उद्देश्य उपलब्धि के द्वारा लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करना ही था. एक अकेली और शान्त आवाज़ ही थी जो कुछ अलग कहने का प्रयास कर रही थी. जिस समय मैंने स्वयं बाइबल पढ़ना शुरू किया उस समय मैं 12 वर्ष का हो चुका था, पापियों के लिए क्रूस पर मरने की यीशु की कहानी मुझे अच्छी लगी. मेरे जीवन में मुझे जितना अनुशासन मिला था उससे मैं जानता था कि मैं एक पापी था, फिर भी मुझे नहीं लगता था कि मैं दूसरों के बराबर बुरा था!

क्रूस की कहानी से मैं यह समझ गया था कि लोगों की उपलब्धियों को नज़र अंदाज़ करते हुए परमेश्वर लोगों को उसी रूप में स्वीकार करता है जैसे वे हैं. मैं जानता था कि मेरा परमप्रिय मुझे पुकार रहा था, लेकिन उसकी आवाज़ दूसरी आवाज़ की तुलना में बहुत ही धीमी थी जो कह रही थी कि मेरे पाप की समस्या का समाधान करने के लिए स्वर्ग ने एक बहुत बड़ी कीमत चुकाई थी और मेरे लिए मरने के लिए अपने पुत्र को भेजकर इतना अधिक दु:ख सहा था इसलिए यह ज़रूरी था कि मैं उसके प्रति आभार प्रगट करूँ. मुझे यह साबित करना था कि मेरी ख़ातिर जितना

बड़ा बलिदान दिया गया था मैं उसके योग्य था.

यह बात मुझे बहुत ही उचित लग रही थी. मानवीय अधिकारों का सामना करते हुए मैं यह समझ गया था कि मुझे सुधारने में काफी मात्रा में संसाधन खर्च हुए थे जिनका उपयोग किसी उत्तम कार्य में किया जा सकता था. जिस तरह से परीक्षा करनेवाले की आवाज़ प्राय: चिल्लाती थी:

> ''इसका क्यों सत्यानाश किया गया?'' मत्ती 26:8.

दिल की गहराईयों में छिपी हुई दूसरों का ध्यान अपनी ओर खींचने की चाहत के माध्यम से देखने पर, अपनी संतानों के उद्धार के लिए अपने प्रिय पुत्र को देने के द्वारा प्रकट होनेवाले पिता के प्रेम का सबसे प्रबल प्रतीक मसीह जीवन के अनुशासनों के प्रति वफादारी के द्वारा मेरी निष्ठा दिखाने के माध्यम से लोगों का अनुमोदन प्राप्त करने के एक सबल कारण में बदल गया. बारह वर्ष के एक लड़के के दिल में उठने वाली ये उत्तेजनाएं भ्रूणावस्था में थीं, फिर भी बीज बो दिया गया था जिसकी फसल आने लगी थी.

मेरे बपतिस्में के बाद परीक्षा करनेवाली की आवाज़ ने मुझे याद दिलाया कि अब मैं एक अच्छा लड़का बन गया था लेकिन फिर भी पुराने और परिचित तरीकों के द्वारा मैं लोगों का अनुमोदन प्राप्त करने की कोशिश कर रहा था. जिस प्रकार उसने मेरे उद्धारकर्ता की परीक्षा की थी ठीक उसी प्रकार से वह मुझे भी उकसा रहा था कि *मैं पत्थरों को रोटियों में बदलकर* या *मंदिर के कंगूरे से कूदकर लोगों का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए कार्य करूँ.* इस तरह की मानसिकता के बीच सब्बत का अनुभव सबसे कठिन था. यह तो प्रत्येक सप्ताह सीन्नै पर्वत पर चढ़ने के समान एक कार्य था. मेरे बपतिस्में के कुछ समय बाद ही परमेश्वर को प्रसन्न करने के कार्य में मुझे निराशा सी होने लगी थी. मेरे मन में ऐसा प्रतीत नहीं होता था लेकिन यह आत्मिक बातों में घटती हुई रुचि के द्वारा देखा जा सकता था क्योंकि मैं उन प्रतिज्ञाओं को भूल कर जो मैंने पिता से की थीं, गतिविधियों के ऊपर अधिक ध्यान देने लगा था.

अब पीछे मुढ़कर देखने पर, मैं उस परीक्षा करनेवाले की चालाकी को देख सकता हूँ कि वह मुझे इस बात के लिये प्रेरित कर रहा था कि मैं लोगों का अनुमोदन और सहमति हासिल करने के उद्देश्य से परमेश्वर को प्रसन्न करने का प्रयास करूँ. इसका परिणाम यह हुआ कि मेरे दिल में अनेक प्रकार के मनोरंजक कार्यों में सहभागी होने लगा. नाजुक उम्र में ही मैं दिखावा करने वालों की भीड़ मैं शामिल हो गया. केवल पाँच वर्ष में ही मैं सुअरों के साथ विचरण करने लगा था.

बचपन के मेरे प्रशिक्षण ने मुझे यह सिखाया था कि मैं ख़ुद को नुकसान पहुँचानेवाले किसी कार्य और बुराई में न फसूँ जिनमें बहुत से युवा लोग अपने आपको फंसा लेते हैं, लेकिन फिर भी भावनाएं लगभग उसी तरह की थीं. मैं अपने परमप्रिय का धन्यवादी हूँ कि मुझे किसी प्रकार की शारीरिक चोट कभी नहीं आयी जैसा कि अनेक युवाओं के जीवन में होता है.

मैं इस बात की केवल कल्पना ही कर सकता हूँ कि मुझे परीक्षा में डालनेवाले के प्रलोभनों की ओर झुकते हुए मेरे परमप्रिय को कितनी अधिक तक्लीफ हुई होगी. जो बीज मैंने बोये थे उनकी फसल काटते हुए देखकर उसे कितनी अधिक पीड़ा हुई होगी. अनेक बार मैंने ऐसा सोचा कि जो आवाज़ मेरी अगुवाई कर रही थी वह आवाज़ मेरे परमप्रिय की थी लेकिन वास्तव में वह आवाज़ तो मेरे शत्रु की थी.

यह सोचते हुए मुझे शर्म आती है कि मैं अपने परमप्रिय के विषय में इतना कम जानता था कि मैं बड़ी मुश्किल से मेरे परमप्रिय और शत्रु की आवाज़ में अन्तर कर सकता था. मेरे सहपाठियों के सामने स्कूल में एक पुरस्कार प्राप्त करते समय मेरे अन्दर इस प्रकार की भावनाएं पैदा हुई थीं जैसे मेरे पिता ने मुझे गले से लगा लिया हो. मुझे पुरस्कार मिलने के बाद तालियों की जो गड़गड़ाहट हुई वह ठीक वैसी थी जैसे मानों मैं आश्चर्यचकित होकर तारों भरे आकाश में देख रहा हूँ. बाइबल पढ़ना और चर्च जाना मेरे परमप्रिय और शत्रु दोनो को ही पसन्द था, लेकिन कारण दोनों के अलग अलग थे जिन्हें समझ पाना मेरे जैसे बालक के वश में नहीं था.

इन दोनों आवाज़ों में अन्तर करने के संघर्ष का वर्णन अगले अध्याय में किया जाएगा. मेरी प्रार्थना है कि जब आप इन बातों के ऊपर विचार करते हैं तो आप इस संघर्ष का कुछ भाग और जीवन के मार्ग की संकीर्णता को समझने में सक्षम होंगे. वह विचार कि मैं कितनी आसानी से शत्रु की आवाज़ की ओर आकर्षित होकर अपने परमप्रिय को दु:खी कर सकता था, मुझे आज भी शर्मिन्दा करता है , लेकिन मैं उसके दया भरी क्षमा और धैर्य में भरोसा रखता हूँ.

***

4. दरवाज़ा

दरवाज़ा/द्वार

भटकानेवाले मनोरंजन के माध्यम से परमेश्वर को दिये गये वचन से मुकरने के कारण मुझे चक्कर खिलानेवाले परिणाम भुगतने पड़ रहे थे. ऐसा लगता था कि मेरा ''मैरी गो राउन्ड'' अनुभव प्रत्येक चक्कर के साथ अधिक तेज़ होता जा रहा था. लोगों का ध्यान खींचना और उनका अनुमोदन प्राप्त करने की चाहत लगातार बढ़ने लगी थी, जबकि सफल होने की संभावनाएं कम ही दिख रहीं थीं.

मेरी उम्र और संस्कृति के अनेक युवा लोग जो आकर्षण का केन्द्र बनकर रहना चाहते थे उनके ऊपर एक समय में केवल कुछ एक लोग ही ध्यान दिया करते थे. परीक्षा करनेवाले शैतान के द्वारा मुझे जो सपने दिखाये गये थे वे भ्रमित करनेवाली एक फसल के रूप में दिखाई देने लगे थे. मैं प्राय: ऐसी कल्पनाएं किया करता था कि मैं महान उपलब्धियाँ हासिल कर रहा हूँ जिसकी वजह से मेरे सभी साथी, मेरे समुदाय और देश के लोग मुझे बधाई दे रहे हैं. जब मैं ऑस्ट्रेलिया में बैठे बैठे मन्त्रमुग्ध होकर बहादुरी दिखाने वाले खेलों के बाद खिलाड़ियों को उनके क्षेत्रों में गोल्ड मैडल प्राप्त करते हुए देखा करता था तब शैतान मेरे मन में यह विचार डाला

करता था कि उद्धार पाने का मार्ग यही है.

मेरी असफलता के द्वारा मैंने परमेश्वर को, अपने माता-पिता को और अपनी कलीसिया को जो काल्पनिक गुस्सा दिलाया था उससे निपटने के लिए देह और दिमाग़ के द्वारा विशेष उपलब्धियाँ हासिल करने के द्वारा जीवन का आनन्द लेने को सही ठहराने का निर्णय कर लिया. अपनी ही मर्जी से जीने को सही ठहराने की इच्छा मेरे जीवन में ठीक वैसे ही प्राकृतिक थी जैसे कि सांस लेने की क्रिया होती है. मुझे इस बात का कोई ख्याल नहीं था कि मैं कैन की राह पर चलते हुए परमेश्वर की आराधना के लिए वे वस्तुएं भेंट करना चाहता था जो मैंने अपनी ही ताकत से प्राप्त की थीं. शैतान की आवाज़ सुनने के कारण, मैं अनजाने में ही उस राह पर चल पड़ा था जो जीवन की राह से बिल्कुल विपरीत दिशा में जाती है. दूसरों की तुलना में अधिक उपलब्धियों के द्वारा अस्तित्व को क़ायम रखने की दशा में आप उन लोगों के साथ प्रेम पूर्ण संबन्ध बनाकर नहीं रख पाते हैं. मुझे पता ही नहीं चला कि सच्ची मित्रता कब मेरे हाथ से फिसल कर निकल गई क्योंकि मेरे इर्द-गिर्द पाया जानेवाला प्रत्येक व्यक्ति लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में या तो मेरा प्रतियोगी था या फिर उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक साधन मात्र था. लेकिन फिर भी मैं चाहता था कि लोग मुझे प्रेम करें और मेरे साथ मित्रता निभाएं.

ये विरोधाभासी शक्तियाँ समय समय पर मेरे दिल में ऐसी भावनाएं पैदा करती थीं जो उस मार्ग के विपरीत थीं जिस पर मैंने अपने परमप्रिय के साथ चलने का फैसला किया था. मुझे अच्छी तरह से एक 'बॉस्केट बॉल' खेल के बारे में याद है जिसमें देखने लायक हंगामा हो गया था. खेल में मैं एक नाजुक स्थिति में प्रतियोगी खिलाड़ी से बॉल छीनने में सफल हो गया था, फिर भी उस शिक्षक ने जो खेल का 'रेफ्री'(निर्णायक)थ ाउ सनेम ुझेह ी' फॉउल'द ेि दया.उ पलब्धियाँह ासिल करनेवाली आत्मा अपने आपको सही साबित करने पर अड़ गई जिसकी वज़ह से एक पल के मेरे शिक्षक के लिए मेरे दिल में पाया जानेवाला सम्मान समाप्त हो गया और शिक्षक के ग़लत निर्णय का विरोध करते हुए मैं अपने शिक्षक के ऊपर क्रोधित हो गया. अधिकार प्राप्त लोगों के प्रति मेरे दिल से सम्मान पूरी तरह से समाप्त हो गया.

मैं क्रोध से पागल हो गया और ऐसी प्रतिक्रिया कर बैठा जिसकी मैं कल्पना भी नहीं कर सकता था.

मैंने अपने परमप्रिय की आवाज़ सुनी. धीरे से सवाल पूछा, ''ऐड्रिन तुम ठीक तो हो? क्या तुम वास्तव में ऐसे इंसान ही बनना चाहते हो?'' इस नाज़ुक दशा में जहाँ शैतान मेरे द्वारा विद्रोह की फसल काट रहा था, मेरे परमप्रिय ने जानना चाह कि क्या मुझे उसका स्वाद पसंद था या फिर मैं कुछ बेहतर चाहता था. गहरे अंधकार में मैं इन दोनों आवाज़ों में अन्तर महसूस कर सकता था. अंधेरी, क्रोध भरी और बदल लेने के लिए आतुर आत्मा जिसने मुझ पर नियंत्रण कर लिया था, अब इसके ठीक विपरीत मेरे परमप्रिय की आवाज़ बहुत ही मधुर और कोमल प्रतीत हो रही थी.

रेफ़्री ने मुझे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया था. शैतान चाहता था कि मैं बदला लूँ; मेरे परमप्रिय ने सलाह दी कि मैं सावधानी के साथ अपनी प्रतिक्रिया पर चिन्तन करूँ.दोनों आवाज़ें काफी तेज़ और स्पष्ट थीं और मेरी आत्मा के ऊपर एक महान संघर्ष चल रहा था. यह पल मेरे जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण पल था– एक सनातन पल था जिसमें इस बात का निर्णय होना था कि मैं अपने शेष जीवन भर किस राह पर चलूँगा. मेरे परमप्रिय ने मुझे इस तरह से आवाज़ दी जैसे कि वह मुझ में बदलाव लाने के लिए मुझे प्रेरित कर रहा हो. मैं एक बुरा, क्रोधित और उग्र व्यक्ति नहीं बनना चाहता था; मैं तो शान्ति, आनन्द और प्रेम चाहता था. मेरे मन का भ्रम दूर होने लगा और मेरा ध्यान मेरे चुनाव के ऊपर अधिक केन्द्रित होने लगा था. आनेवाले समय में जब शैतान और कठोरता के साथ मुझे सलाहें देना ज़ारी रखा तो यह इच्छा और भी अधिक शक्तिशाली होती चली गई.

सबसे अधिक बुद्धिमान अति प्राचीन मेरी मूर्खता से क्रोधित नहीं हुआ. परमेश्वर की योजना के अनुसार मेरे जीवन में एक के बाद एक ऐसी घटनाओं की झड़ी लग गई कि मुझे सुअरों का साथ छोड़कर पिता के घर की ओर लौटने की इच्छा मेरे दिल में जाग उठी. जब मेरे मन में द्वन्द उठने लगा, उसी समय मुझे मेरे गुनाह भरे जीवन की एक झलक दिखाई गई जिसे मैं छिपा नहीं सका. जितनी अधिक शक्ति के साथ

शैतान मुझे भरमाने की कोशिश कर रहा था, उससे भी अधिक तीव्रता के साथ मेरा परमप्रिय, शैतान से आज़ादी पाने के लिए उद्धार के मार्ग पर चलने के लिए मुझे पुकार रहा था.

मेरे कार्यों और प्रयासों के द्वारा स्वीकृति प्राप्त करने की भोली सी इच्छा ने मेरा इस वास्तविकता से परिचय करवाया:

> ''पाँव से सिर तक कहीं भी कुछ अरोग्यता नहीं, केवल चोट और कोड़े की मार के चिन्ह और सड़े हुए घाव हैं जो न दबाये गये, न बाँधे गये, न तेल लगाकर नरमाए गये हैं. यशायाह 1:6.

> जैसा लिखा है: ''कोई धर्मी नहीं, एक भी नहीं. (11) कोई समझदार नहीं; कोई परमेश्वर का खोजनेवाला नहीं. (12) सब भटक गये हैं, सब के सब निकम्मे बन गये हैं; कोई भलाई करनेवाला नहीं एक भी नहीं.'' रोमियों 3:10-12.

मेरे परमप्रिय ने बड़ी बुद्धिमानी और दक्षता के साथ मेरे साथ व्यवहार किया. वह उस दर्द के बारे में जानता था जिसका मैं सामना करनेवाला था, फिर भी उसने वह राह चुनने दी जिसे मैं चुनना चाहता था. उसने मेरे ऊपर कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाये और वह दर्द भरे मेरे रास्तों में मेरे साथ चलता रहा जो शैतान की राहों पर चलकर मैंने प्राप्त किये थे. प्रत्येक बार जब मैं गिरा तो उसने मुझे फटकार नहीं लगाई, उसने मुझे दोषी नहीं ठहराया और उसके चेहरे पर चिढ़ने के कोई चिन्ह दिखाई नहीं दिये. उसने मुझसे पूछा कि क्या मैं अपने जीवन में कुछ बेहतर चाहता था; मेरे हृदय को अपनी ओर आकर्षित करने के द्वारा उसने मुझे उसके प्रेम का थोड़ा सा स्वाद चखने दिया. अब मेरे सामने द्वार खुला हुआ था. मैं उन जंजीरों को महसूस कर सकता था जो मेरी भुजाओं, पाँवों और गर्दन के चारों ओर लिपटी हुई थीं. मैं स्पष्ट रूप से देख सकता था कि मैं जिस राह पर चल रहा था कि मैं विनाश की राह पर चल रहा था, फिर मेरे परमप्रिय की ओर से मेरे हृदय की गहराईयों में आशा की एक किरण चमकने लगी.

फिर प्रचारक ने कहा, ''तुम मरने के लिए तैयार क्यों नहीं हो, जबकि जीवन इतनी अधिक बुराईयों से भरी हुई है?'' उस आदमी ने उत्तर दिया, ''क्योंकि, मैं डरता हूँ कि यह बोझ जो मेरे कंधों के ऊपर है यह मुझे कब्र की गहराईयों में ले जाएगा, और मैं तोपेत में गिर जाऊँगा. यशायाह 30:33. और महोदय, यदि मैं जेलखाने में जाने के लिए तैयार नहीं हूँ तो मैं न्याय का सामना करने के लिए भी तैयार नहीं हूँ, और वहाँ से मृत्यु तक, और इनके विचार मुझे रोने के लिए विवश करते हैं.''

फिर प्रचारक ने कहा, ''यदि तुम्हारी दशा ऐसी है तो, यहाँ पर खड़े पर क्या कर रहे हो?'' उसने उत्तर दिया, ''क्योंकि मुझे मालूम नहीं कि किधर जाऊँ?'' फिर उसने उसे एक चर्मपत्र दिये जिसमें यह लिखा हुआ था, ''आनेवाले क्रोध से भागो.'' मत्ती 3:7.

उस आदमी ने इसलिए इसे पढ़ा, और प्रचारक को बड़ी सावधानी पूर्वक देखते हुए कहा, ''मुझे किधर उड़ कर जाऊँ?'' फिर प्रचारक ने (एक बड़े मैदान की ओर उंगली उठाते हुए) कहा, ''क्या तुम विकेट-गेट (सकेत फाटक) के उस पास देख सकते हो?'' मत्ती 7:13,14. उस आदमी ने कहा, ''नहीं''. तब दूसरे ने कहा, ''क्या तुमच मकतेह ुएप़काशस ेप रेद ेखस कतेह ो?''भ जनस ंहिता 119:105; 2 पतरस 1:19. उसने कहा, ''मुझे लगता है कि मैं देख सकता हूँ.'' तब प्रचारक ने कहा, ''उस प्रकाश को अपनी आँखों में बसा लो, और सीधे वहीं जाओ, फिर तुम्हें वह गेट (द्वार) दिखाई देखा; जिसे खटखटाने के बाद, तुम्हें बताया जाएगा कि तुम्हें क्या करना है.'' *पिलग्रिम्स प्रोग्रेस,* पहला चरण

***

5. वेदी

अब मैं इस बात को पूरी रीति से समझ चुका था कि मुझे एक उद्धारकर्ता की ज़रूरत थी. मेरे दिल के अन्दर चल रही उथल-पुथल ने मेरे अन्दर स्वर्गीय शान्ति को प्राप्त करने की चाहत पैदा कर दी. बड़ी सावधानी पूर्ण प्रबन्धन के द्वारा मेरे परमप्रिय ने मेरी सहायता की कि मैं शैतान की आवाज़ को स्पष्ट रीति से पहचान सकूँ. अब मैं विनाश के शहर से दूर भाग रहा था, फिर मैं यह नहीं जानता था कि किस ओर जाऊँ. मैं अपने दिल में यीशु की ओर खिंचता चला गया. मैं 17 वर्ष की उम्र में यह भली प्रकार से सीख चुका था कि मुझे एक प्रेमी उद्धारकर्ता की ज़रूरत थी, फिर भी मैं यह नहीं समझता था कि मुझे किस बात से उद्धारकर्ता की ज़रूरत थी.

> यीशु ने उससे कहा, ''मार्ग और सत्य और जीवन मैं ही हूँ; बिना मेरे द्वारा कोई पिता के पास नहीं पहुँच सकता.''यूहन्ना 14:6.

स्वतंत्रता का मार्ग यीशु के द्वारा ही था लेकिन कैसे? 12 वर्ष की उम्र में मैंने यीशु को अपना उद्धारकर्ता स्वीकार कर लिया था, मैं जिन बातों को पास समझता था उनके लिये पश्चाताप भी किया था और यह विश्वास करता था कि एक दिन यही यीशु

मुझे लेने के लिए इस दुनिया में फिर से आयेगा. फिर भी एक ख़ालीपन बना हुआ था. जिस तरह से मैं पाप की ग़ुलामी की गहराई को नहीं समझता था, ठीक उसी तरह से मैं मेरे उद्धार के उपहार की सराहना करने में असमर्थ था.

> ''.....पर जिसका थोड़ा क्षमा किया गया है, वह थोड़ा प्रेम करता है.'' लूका 7:47.

स्टेप्स टु क्राइस्ट किताब मेरे दिमाग़ में आई और मैंने सोचा, ''यह तो बिल्कुल वैसी कि किताब है जिस तरह की किताब की मुझे ज़रूरत है.'' अब मैं धार्मिकता का दिखावे के लिए नहीं पढ़ता था, और न ही मैं इस बात का दिखावा करता था कि मैं परमेश्वर के प्रति धन्यवादी था, जो बातें मैं पढ़ रहा था वे मेरे दिल में बैठने लगीं.

> ''प्रकृति तथा धर्मशास्त्र के वचन समान रूप से परमेश्वर के प्रेम की साक्षी दे रहे हैं. हमारा स्वर्गीय पिता, जीवन, ज्ञान तथा सच्चे आनन्द का स्रोत है.'' *स्टेप्स टु क्राइस्ट,* पृष्ठ 9

> परमेश्वर ने हमारे हृदयों को , इस पृथ्वी और स्वर्ग में पाये जानेवाली असंख्य निशानियों द्वारा अपने साथ बांध रखा है. प्राकृतिक पदार्थों द्वारा, तथा पृथ्वी के गंभीरतम और कोमलतम सम्बन्धों द्वारा, परमेश्वर ने अपने आपको प्रगट करने का प्रयास किया है. उपरोक्त पृष्ठ 10

> परमेश्वर का पुत्र स्वर्गिक पिता का स्वभाव और प्रेम प्रगट करने के लिए ही इस धरती पर आया. ''परमेश्वर को किसी ने कभी नहीं देखा, एकलौता पुत्र, जो पिता की गोद में है, उसी ने उसको प्रगट किया. ''यूहन्ना 1:18. ''और कोई पुत्र को नहीं जानता, केवल पिता, और कोई पिता, और कोई पिता को नहीं जानता, केवल पुत्र और वह जिस पर पुत्र उसे प्रगट करना चाहे.''उपरोक्त किताब, पृष्ठ 11

ये शब्द मेरे दिल की गहराईयों में उतर गये. जब मैंने यह जाना कि यीशु मसीह हमारे लिए पिता के स्वभाव और प्रेम को प्रगट करने के लिए आया तो मेरे दिल में ख़ुशी की एक लहर सी दौड़ गई. फिर इसका रहस्य मेरे सामने खुलता गया.

''वह चारों ओर भलाई करता और जो लोग शैतान द्वारा सताये गये थे उनको चंगा करता फिरा. पूरे के पूरे गाँव ऐसे थे, जहाँ किसी भी घर से किसी रोगी के कराहने का शब्द सुनाई नहीं देता था क्योंकि जिन गाँवों में से यीशु होकर गया था वहाँ के समस्त रोगी चंगे हो चुके थे. परमेश्वर की ओर से अभिषिक्त होने के प्रमाण उसके कार्य थे. प्रेम, करुणा और दया उसके प्रत्येक कार्य में दिखाई देते थे. दु:खी, लाचार और भटके हुए मनुष्यों को देखते ही उसका कोमल हृदय सहानुभूति से पिघल जाता था. उसने मानवीय स्वभाव को इसलिए अपनाया ताकि मनुष्यों की ज़रूरतों को पूरा कर सके. उसके पास आने में ग़रीब से ग़रीब और दीन–हीन जन ज़रा भी संकोच नहीं करता था. छोटे–छोटे बच्चे भी उसकी ओर खिंचे चले आते थे. वे उसके घुटनों पर चढ़कर उसके उस तेजस्वी चेहरे को निहारते थे जिससे प्रेम भरी किरणें निकलती थीं.

यीशु ने सत्य के किसी भी अंश को न तो दबाया और न ही छिपाया, बल्कि उसे प्रेम भरे शब्दों में व्यक्त किया. जब वह लोगों से बातचीत करता था तो बड़ी समझदारी, पूरी हमदर्दी तथा सावधानी के साथ उनके प्रश्नों के उत्तर देता था. उसने कभी किसी के साथ रूखेपन का व्यवहार नहीं किया. न तो कभी कोई व्यर्थ बात कही और न ही कड़वे वचन बोलकर किसी के भावुक हृदय को अनावश्यक चोट पहुँचायी. उसने इन्सानी आदतों और कमज़ोरियों की कटु आलोचना नहीं की. उसने सत्य तो बोला परन्तु उस सत्य में प्रेम रस घोलकर पेश किया. उसने पाखण्ड, अविश्वास तथा बुराईयों की निन्दा तो की, परन्तु उनको छिड़कते समय उसके शब्दों में आँसू साफ दिखाई देते थे. वह अपने प्रिय नगर यरुशलेम के लिए रोया क्योंकि यरुशलेम न जिसका इनकार किया था वही उसके लिए मार्ग, सत्य और जीवन था.

उपरोक्त किताब पृष्ठ 11, 12.

मैंने महसूस किया कि मेरा हृदय मेरे परमप्रिय के लिए खुल गया है. वह मानवीय क़मज़ोरियों के लिए मानव की कटु आलोचना नहीं करता है, तरस से भरा हुआ है और बड़ी सावधानी एवं व्यवहार कुशलता के साथ व्यवहार करता है. छोटे बच्चे उसके घुटनों पर चढ़ जाते थे! जब मैंने अपने साथ उसकी तुलना की, मैं महसूस किया कि शर्मिन्दगी के अंधकार ने उस ज्योति पुँज को रोक दिया जो मेरी आत्मा में बह रही थी. वह तो इतना अधिक पवित्र, धर्मी और शुद्ध है और मैं कितना अधिक अपवित्र, अशुद्ध और स्वार्थी हूँ. शैतान मेरे कान में बोला, ''कोई फायदा नहीं.'' मेरे परमप्रिय ने कहा, ''आगे पढ़ते रहो, ऐड्रिन.''

> उसकी दृष्टि में प्रत्येक प्राणी बेशक़ीमती था. जबकि उसके व्यक्तित्व में सदा ही ईश्वरीय महिमा निवास करती थी, परन्तु परमेश्वर के परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए वह बड़ी करुणा के साथ नीचे झुकता था. प्रत्येक प्राणी के अन्दर उसने एक आत्मा को देखा किसका उद्धार किया जाना ज़रूरी था. उसके जीवन का मकसद लोगों को बचाना ही था. मसीह यीशु के जीवन से उसका ऐसा चरित्र प्रकट होता है और यीशु मसीह के चरित्र में ही परमेश्वर पिता के चरित्र के दर्शन होते हैं. मनुष्यों तक ईश्वरीय करुणा की धाराएं प्रभु यीशु मसीह के द्वारा ही प्रवाहित होती हैं. कोमल हृदयवाला उद्धारकर्ता यीशु ही, ''देहधारी परमेश्वर था.'' 1 तीमुथियुस 3:16. *स्टेप्स टु क्राइस्ट,* पृष्ठ 12.

क्या वास्तव में मैं उसकी दृष्टि में बहुमूल्य था? क्या यह बात सच हो सकती है?

> मुझे इसलिए न घूर कि मैं साँवली हूँ, क्योंकि मैं धूप से झुलस गई. मेरी माता के पुत्र मुझसे अप्रसन्न थे, उन्होंने मुझ को दाख की बारियों की रखवालिन बनाया; परन्तु मैंने अपनी निज दाख की बारी की रखवाली नहीं की! श्रेष्ठगीत 1:6.

शैतान शायद इस बात को समझ गया था कि मेरे दिल में उम्मीद बंधने लगी थी. यदि मैं यह विश्वास करने का साहस कर सकूँ कि परमेश्वर ने मुझसे इतना अधिक प्रेम किया कि मुझे बचाने के लिए उसने अपने एकलौते पुत्र को भेजा है, तब मेरे जीवन में विनाश करनेवाला उसका कार्य काफी कठिन हो जाएगा. ''अपने पापों के बारे में सोचो, ऐड्रिन!''

> इस तरह से क्रिश्चयन निराशा के गर्त में भकटने के लिए अकेला छोड़ दिया गया, फिर भी उसने गर्त के उस किनारे तक पहुँचने के लिए संघर्ष किया जो उसके अपने घर से बहुत दूर तथा दुष्ट दरवाजे के निकट था, उसने ऐसा ही किया, लेकिन इसलिए बाहर नहीं निकल सका क्योंकि उसकी पीठ के ऊपर बहुत अधिक बोझ था: लेकिन मैंने सपने में देखा कि उसके पास एक आदमी आया जिसका नाम मदद था. *पिलग्रिम्स प्रोग्रेस,* स्टेज वन.

''पढ़ते रहो, ऐड्रिन,'' मेरे परमप्रिय ने मुझसे कहा.

''हाँ, मैं आगे भी पढ़ना चाहता हूँ.''

> केवल हमारे ही उद्धार के लिए यीशु ने मानव जन्म लिया, दु:ख सहा और मृत्यु को गले लगाया. ''वह दु:ख पुरुष'' बना ताकि हम लोग अनन्त आनन्द को प्राप्त करने के योग्य बन सकें. परमेश्वर पिता ने सत्य और अनुग्रह से भरपूर अपने प्रिय पुत्र को, अकथनीय महिमा वाले लोक से ऐसे लोक में भेजने की अनुमति दी जो पाप से क्षति-विक्षत था और मृत्यु की छाया तथा श्राप से कलंकित हो चुका था. परमेश्वर ने उसको जो स्वर्गदूतों द्वारा श्रृद्धा और भक्ति प्राप्त करता था, उसे अपने पास से दूर जाने की अनुमति दे दी, ताकि वह इस जगत का लान्छन , निन्दा, अवहेलना तथा घृणा और फिर मृत्यु को अपने ऊपर

> लेकर हमें पाप और शैतान की ग़ुलामी से आज़ाद कर दे. ''हमारी ही शान्ति के लिए उस पर ताड़ना पड़ी कि उसके कोड़े खाने से हम लोग चंगे हो जाएं.'' यशायाह 53:5. मसीह को जंगल में शैतान की परीक्षाओं का सामना करते हुए, गतसमनी के बाग में प्रार्थना करते हुए तथा क्रूस पर लटके हुए देखिये. परमेश्वर के निर्दोष पुत्र ने पापों का सारा बोझ अपने ऊपर उठा लिया. जो परमेश्वर के साथ था, उसने अपनी आत्मा में उस डरावनी जुदाई (दूरी) को देखा, जो जगत के पाप के कारण परमेश्वर और उसके बीच में पैदा होनेवाली थी. इसी कारण उसके मुँह से आह भरे ये शब्द निकले थे, ''हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों छोड़ दिया?'' मत्ती 27:46. पाप के भार और उसके भीषण दुष्परिणाम की हक़ीकत के बारे में सोचकर, कि परमेश्वर से उसका सदा का नाता टूट जाएगा, इस कारण प्रभु का हृदय चूर चूर हो गया था. उपरोक्त किताब, पृष्ठ 13.

मैं अचंभित होकर बैठ गया. इन शब्दों के साथ, ''उसे क्रूस पर देखो,'' मैं अपने मन में उस दृश्य की कल्पना करने लगा. वहाँ क्रूस के ऊपर परमेश्वर का पुत्र पिटने, कोड़े खाने और कुचले जाने के बाद लटका हुआ था, क्यों, मेरे लिए? मेरे मन में एक बड़ी हलचल होने लगी.

''मैं इस प्रेम के योग्य नहीं हूँ....''
''केवल विश्वास करो कि मसीह तुम्हारे पापों के लिए मारा गया है....''

फिर मैंने इस आयत को पढ़ा:

> परमेश्वर के निर्दोष पुत्र ने पापों का सारा बोझ अपने ऊपर उठा लिया. जो परमेश्वर के साथ था, उसने अपनी आत्मा में उस डरावनी जुदाई (दूरी) को देखा, जो जगत के पाप के कारण परमेश्वर और उसके बीच में पैदा होने वाली थी. इसी कारण उसके मुँह से आह भरे शब्द निकले थे, ''हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तू ने मुझे क्यों छोड़ दिया?'' मत्ती 27:47.

उपरोक्त किताब, पृष्ठ 13.

मैं समझा नहीं सकता कि किस प्रकार से यह सब मेरे साथ हुआ, किन्तु इस बात ने मुझे प्रभावित किया कि यीशु मेरे पापों के साथ साथ पूरे संसार के पापों के लिए क्रूस पर टाँगा गया जिसके कारण वह चिल्ला उठा, ''हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तू ने मुझे क्यों छोड़ दिया?'' जब मैंने इस दृश्य पर दृष्टि की, मैंने यीशु के चेहरे को निहारा और उसने मेरी ओर फिर कर मुझे देखा और देखो मेरे प्रति उसके दिल में कोई गुस्सा, निराशा अथवा उदासीनता नहीं थी. मैंने तो उसकी आँखों में केवल प्रेम और स्वीकृति को ही देखा.

''मैं विश्वास करता हूँ. प्रभु मैं चाहता हूँ कि तू मेरे दिल में आकर मेरे जीवन का नियंत्रण अपने हाथों में ले ले. मुझे प्रेम करने और मुझे बचाने के लिए मैं तेरे धन्यवाद करता हूँ.....''

उसी क्षण शान्ति का एक झोंका आया और मेरी आत्मा शान्ति से भर गई. मैंने महसूस किया कि मेरी गर्दन, पैरों और हाथों में लिपटी हुई जंजीरें टूट कर गिर पड़ी हैं. फिर मेरी आँखों से एक सैलाब सा बहने लगा. मैं घुटने टेक कर बस रोता रहा, सिर्फ रोता रहा. मेरे अपराध, मेरा पाखण्ड, मेरी हठ, मेरे कटुवचन, मेरे अशुद्ध विचार– सब के सब माफ कर दिये गये. मैंने यीशु के प्रेम का स्वाद चखा.

अभी भी जब मैं यह लिखते हुए उस घटना को याद करता हूँ, मेरे हृदय में एक जोश भर जाता है और मेरी आँखे नम हा जाती हैं. मैंने शब्दों में यह बयान नहीं कर सकता कि उस पल मैं अपने उद्धारकर्ता के विषय में किस प्रकार का अनुभव किया. अलगाव ! ओ कितना बड़ा अलगाव ! वह मेरे दिल में गहराई तक उतर गया. यदि वह यह सब मेरे लिए करने को तैयार था, जिसका अर्थ यह हुआ कि उसकी नज़रों में मेरी कोई खास कीमत थी, और यदि परमेश्वर अपने पुत्र को त्यागने के लिए तैयार था– मैं रुक गया और उसके प्रति मेरे हृदय में आभार और धन्यवाद का सैलाव उमड़ने दिया. यदि वास्तव में परमेश्वर मेरी ख़ातिर अपने पुत्र को त्यागने के लिए

तैयार था, तब मैंने यह विश्वास कर सकता था कि परमेश्वर वास्तव में मुझ से प्रेम करता था.

> अब मैंने सपने में देखा, कि जिस मार्ग से क्रिश्चयन जानेवाला था, वह दोनों ओर से दीवार के द्वारा सुरक्षित किया गया था, और उस दीवार का नाम उद्धार था. यशायाह 26:1. इसलिए इस मार्ग पर बोझ से दबा हुआ क्रिश्चयन दौड़ने लगा, लेकिन उसकी राह में अनेक बाधाएं भी आ रही थीं क्योंकि उसके काँधों के ऊपर एक भारी बोझ था. दौड़ते दौड़ते वह एक स्थान पर पहुँचा जहाँ ऊपर तो एक क्रूस खड़ा था और उसके थोड़ा नीचे एक कब्र थी. इस तरह से मैंने अपने सपने में देखा कि जैसे ही क्रिश्चय क्रूस के पास पहुँचा, उसके काँधों के ऊपर लदा बोझ खुलकर उसकी पीठ से नीचे गिर गया और लुढ़कते लुढ़कते वह कब्र के मुँह तक जा पहुँचा, जहाँ जाकर वह गिर गया और फिर मुझे वह दिखाई नहीं दिया. *पिलग्रिम्स प्रोग्रेस,* स्टेज तीन.

***

प्रथम अंतराल

जब मैंने अपने परमप्रिय की आँखों में झाँकता हूँ, मैं भूल जाता हूँ कि मैं कहाँ हूँ.मैं महसूस करता हूँ कि मुझे स्वीकार किया गया है; मैं जानता हूँ कि वह मुझे प्रेम करता है. ओ, आदम की संतान इस सौभाग्य का बदला मैं क्या देकर चुका सकता हूँ? मैं अपनी आँखें उसके चेहर से हटाने का प्रयास करता हूँ, लेकिन प्रेम भरी उसकी दृष्टि मुझे आश्वासन देती है. यह वास्तविक है ! ऐसा वास्तव में हो रहा है और मेरे साथ हो रहा है ! वह वास्तव में मुझे प्रेम करता है और पिता को यह भाता है कि हम साथ साथ रहें. मेरा हृदय आनन्द से भर जाता है, मेरी आत्मा उसकी उपस्थिति से प्रकाशित हो जाती है और उद्धार की सुगन्ध मेरे निवास के कोने कोने में फैलने लगती है.

मेरा परमप्रिय सामर्थी है, वह निडर है. मेरा पाप लेकर वह कब्र में उतर गया. उसने अपने पिता की गोद से अलगाव बर्दाश्त किया. यह सब केवल मेरे लिए ! ओ सबसे अधिक सम्मानीय राजकुमार, तुमने मेरे हृदय को जीत लिया है. मैं तुम्हारी ओर आकर्षित हुए बिना नहीं रह सकता हूँ. क्षमा किया गया हूँ? हाँ, मैं विश्वास करता हूँ कि मुझे क्षमा मिली है, और मेरे सभी पाप मुझसे दूर कर दिये गये हैं. महीन मलमल का वस्त्र मुझे दिया गया है, यह वस्त्र मेरे लिए स्वर्ग में बुना गया है और इसे बनाने में किसी भी मानव में कोई सहयोग नहीं दिया है.

प्रिय पिता, तेरा पुत्र ऐसा उपहार है जिसको समझना मनुष्य के वश की बात नहीं है, और फिर भी तूने उसे स्वेच्छा से अपने से दूर जाने से दिया. मैं समझ सकता हूँ कि तेरा पुत्र इतना अधिक सुन्दर क्यों है; जो कुछ उसका है वह सब तेरी ओर से ही मिलता है. मैं यह नहीं समझ पाता हूँ कि तूने इतना बड़ा त्याग क्यों किया, लेकिन एक छोटे बालक के समान मैं खुशी से तुझे, ''अब्बा पिता'' कहकर पुकार सकता हूँ. मैं त्यागा हुआ नहीं हूँ, मेरे पास एक पिता है और उसका पुत्र मेरा परमप्रिय है.

ओ आदम की संतान, आनन्द से मेरा हृदय धड़कता है. कौन कह सकता था कि ऊपर उठाये गये पुत्र को देखने मात्र से मेरे घर में उद्धार आजाएगा? हाँ,मैं विश्वास करता हूँ. मेरा परमप्रिय मेरा है और मैं उसका हूँ.

***

6. जल की हौदी



हे पतियो, अपनी अपनी पत्नी से प्रेम रखो जैसा मसीह ने भी कलीसिया से प्रेम करके अपने आप को उसके लिए दे दिया. (26) कि उसको वचन के द्वारा जल के स्नान से शुद्ध करके पवित्र बनाए. इफिसियों 5:25-26.

आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था. (2) यही आदि में परमेश्वर के साथ था. यूहन्ना 1:1-2.

यीशु ने जो कुछ मेरे लिए किया है, उसके प्रभाव ने मेरे जीवन का प्रत्येक पहलू पूरी तरह से बदल दिया. मैं हमेशा के लिए उसके साथ रहना चाहता था. मैं उसके बारे में सोचना पसन्द करता था, उसकी नकल करता था, और मेरे जीवन की प्रत्येक बात को उसकी अधीनता में लाता था. जब मैं कई घण्टों तक किसी दूसरे विषयों पर सोच विचार करता था, तब मुझे इस बात का एहसास होने लगता था कि उसकी उपस्थिति मुझे छोड़ कर चली गई है और मेरे विचार पुन: यीशु की ओर लौट आते थे. मेरे सब पाप क्षमा हो गये हैं इस बात का ज्ञान मुझे हफ्तों तक आत्मिक आनन्द से भर कर रखता था. पहले प्रेम का आनन्द ऐसा ही होता है.

इस आनन्द ने बाइबल को पूरी तरह से बदल दिया. मैं अपनी बाइबल को नीचे नहीं रख पाता था. अचनाक ही बाइबल को समझने के लिए मेरे अन्दर एक बहुत गहरी प्यास पैदा हो गयी. मुझे बहुत कुछ सीखना भी था और बहुत कुछ भूलना भी था. जो कुछ मैं पढ़ता था उसके द्वारा मसीह का आत्मा मुझे दोषी ठहराने लगा. मैंने देखा कि मेरे अन्दर बहुत सी बातों में बदलाव आना ज़रूरी था. परमेश्वर का वचन मुझे साफ करने और मेरे मन को बदलने लगा. अब मेरे लिए वचन एक व्यक्ति था न कि लेखों का एक संकलन मात्र. अब यीशु मसीह बड़े प्यार से व्यक्तिगत तरीके से मुझ से बात किया करता था.

मैंने एहसास किया कि मुझे अनेक आदतें बदलने की ज़रूरत थी. अब मैं वे फिल्में नहीं देख सकता था जिनमें गालियाँ देना, मार-काट और गंदगी भरी बातें होती थीं. आत्मा ने मुझे उकसाया और मैंने अनेक लोगों के पास जाकर अपने बुरे व्यवहार के लिए क्षमा माँगी. कुछ लोगों ने यह समझने की कोशिश भी की कि मैं क्यों क्षमा माँग रहा था और उन्होंने यह कहकर मुझे तसल्ली देने की कोशिश की हम सब मानव हैं. फिर भी मेरे परमप्रिय की आँखों में उसके वचन के माध्यम से ध्यान से देखने पर मैंने पाया कि उन लोगों से क्षमा माँगना अत्यंत महत्वपूर्ण था. धार्मिकता और पाप दिन और रात के समान हो गये और मेरा विवेक भी कोमल, केन्द्रित और सतर्क हो गया.

इस धुलाई के कुछ पहलू तो आज़ादी और आनन्द से भरे हुए थे जबकि कुछ अवसरों वचन जो काट पीट मेरे जीवन में करता था वह काफी कष्टदायक, सामना करने वाला और अपमानित करने वाला लगता था. जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूँ तो पाता हूँ कि मेरे परमप्रिय ने मुझ पर अपनी दया बनाये रखते हुए मेरे सभी दोषों को मेरे ऊपर प्रगट नहीं किया. यदि मेरे जीवन के सभी दोष एक साथ मेरे ऊपर प्रगट कर दिये जाते तो मैं निश्चय ही निराश हो जाता. फिर भी प्रत्येक बाधा को पार करने के लिए यीशु का प्रेम मेरे साथ बना रहा.

काश कि ऐसा होता कि मैं कह सकता, ''और उसके बाद वे खुशी खुशी रहते रहे,'' लेकिन संसार की वास्तविकता, शरीर की अभिलाषाएं और शैतान परिणाम को

काफी कठिन बना देते हैं. वर्षों तक उपलब्धियों के द्वारा पहचान बनाने के विषय में शैतान की सलाहें सुनने के कारण मेरा दिमाग़ परमेश्वर के राज्य के सिद्धान्तों के ठीक विपरीत हो चुका था. मेरे मन परिवर्तन के बाद कुछ माह तक शैतान की आवाज़ मेरे परमप्रिय की आवाज़ की अपेक्षा काफी धीमी थी, लेकिन वह मेरे आस-पास ही था. मसीह में मुझे प्राप्त हुए प्रेम से क्रोधित होकर उसने मेरे जीवन पर नियंत्रण करने और मेरे ऊपर पुनः शासन करने की चाहत के साथ मेरे जीवन में फिर से प्रवेश करने का प्रयास किया.

मेरी जीवन शैली तथा आदतों में आए बड़े बदलाव को देखकर मेरे कुछ पुराने साथियों ने मेरे ऊपर आलोचनात्मक टिप्पणियाँ कीं. अब मैं अकेलेपन और निराशा के गर्त में गिर गया. इन बातों के पीछे मैं शैतान के हाथ को नहीं देख पाया. मैं उसकी रणनीतियों के विषय में अधिक नहीं जानता था इसलिए मैंने उसे लाभ उठाने दिया. आत्मदया के द्वार से शैतान मेरी आत्मा में प्रवेश करने में सफल हो गया. ठीक इसी दौरान मेरी जीवनशैली के कुछ बदलावों को बनाये रखने में मुझे कठिनाई होने लगी. कभी कभी तो मैं सब कुछ भूलकर पुराने आदतों में चला जाता था. और कभी कभी तो मैं निराशा में जान बूझ कर इस गर्त में गिर जाता था और अंधकार को मुझे घेरने देता था.

मैं कठिनाई की चोटी पर पहुँच चुका था. आराम तलबी, धीरज की कमी और जब तक ज़रूरी हो खुशी के साथ एकान्त में न रहने की चाहत ने शैतान को मेरे जीवन में प्रवेश करने दिया जिसकी वह तलाश में था. इसके आगे, मैं वचन में दक्ष नहीं था कि परमेश्वर के ज्ञान के विरोध में उठने वाली परीक्षाओं का सामना कर सकूँ. मसीह के आत्मा ने मुझे सिखाया कि मैं वचन को याद करूँ.

> तेरे वचन को मैंने अपने हृदय में रख छोड़ा है, कि तेरे विरुद्ध पाप न करूँ.
> भजन संहिता 119:11.

मैंने सीखा कि जब मैंने विश्वास से परमेश्वर के वचन को दोहराया तो इससे शैतान

द्वारा उठाई गईं दलीलों और भावनाओं की शक्ति जाती रही.

> क्योंकि परमेश्वर का वचन जीवित, और प्रबल, और हर एक दोधारी तलवार से भी बहुत चोखा है; और प्राण और आत्मा को, और गाँठ-गाँठ और गूदे-गूदे को अलग करके आर-पार छेदता है और मन की भावनाओं और विचारों को जाँचता है. इब्रानियों 4:12.

यदि मेरा परमप्रिय मुझे शैतान की सभी परीक्षाओं से बचाता रहता तो मेरे चरित्र का विकास नहीं हो पाता. मुझे अपनी गंभीर पतित अवस्था के सच्चे स्वभाव को भो समझना ज़रूरी था. शरीर के साथ इन आरंभिक संघर्षों के द्वारा मैं अपने हृदय की पतित अवस्था को समझने लगा.

> मन तो सब वस्तुओं से अधिक धोखा देनेवाला होता है, उसमें असाध्य रोग लगा है; उसका भेद कौन समझ सकता है? यिर्मयाह 17:9.

वचन के प्रकाश ने मेरी राहों को प्रकाशित करके यह समझने में मेरी मदद की कि मैं कहाँ पर था और यदि मैं अपने परमप्रिय की आवाज़ पर ध्यान न देता तो मेरा विनाश निश्चित था.

मुझे प्रार्थना में संघर्ष करना सिखाया गया. कभी कभी प्रार्थना करते समय मुझे ऐसा लगता था कि मेरा हृदय पत्थर का हो गया था और मेरे सिर के ऊपर आकाश पीतल का हो गया था. जितना अधिक मैंने प्रार्थना करने का प्रयास किया उतना ही अधिक मैं मायूस होता गया. ''ऐड्रिन, परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं का दावा करो,'' आवाज़ आई. ''वचन जो कुछ कहता है उस पर विश्वास करो, अविश्वासी नहीं किन्तु विश्वासी बनो.''

मेरे परमप्रिय में मुझे सिखाया कि दावा करने और प्रतिज्ञाओं के पूरे होने के बीच में पाये जाने वाले फासले के बीच में किस प्रकार से प्रतीक्षा करूँ. कई बार तो कुण्ठा के

सामने मैंने समपर्ण कर दिया, और इसके द्वारा मेरे परमप्रिय ने मुझे यह सिखाया कि मेरे हृदय कितना दुर्बल, अधीर और चंचल था. अनेक बार मैंने परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं का दावा करना भूल कर, अपने प्रभु के सामने अपनी परेशानियों के लिए रोना रोना शुरू कर दिया, जिससे मैं पहले से भी अधिक निराश हो गया. ये कठिन दौर थे, फिर भी इनके दौरान मेरे परमप्रिय ने मेरी हिम्मत बढ़ाते हुए मुझे क्रूस पर मेरे बदले में अपनी मृत्यु और उसके और उसके पिता के साथ होनेवाली सनातन संगति की याद दिलाई. धीरे धीरे लेकिन निश्चय रूप से परमेश्वर का वचन मेरा विश्वास और मेरी ढाल बनता चला गया.

मेरे परमप्रिय प्रभु के साथ मेरे पहले दो वर्ष के अनुभव को मैं बड़े आनन्द के साथ याद करता हूँ– कि वह मेरा विश्वासयोग्य उद्धारकर्ता, शिक्षक और मित्र है. मेरी एक ही इच्छा थी कि मैं यीशु के समान बनूँ.

लगभग दो वर्ष के बाद, पवित्रशास्त्र के ये वचन मुझे दिमाग़ में गूँजने लगे.

> तब पतरस ने उनसे कहा, मन फिराओ, और तुम में से हर एक अपने अपने पापों की क्षमा के लिए यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले; तो तुम पवित्र आत्मा का दान पाओगे. प्रेरितों के काम 2:38.

यद्यपि बचपन में मुझे यीशु के बारे में काफी कुछ सिखाया गया था, मैं उसे नहीं जानता था और मेरा बपतिस्मा जबकि मेरी स्वीकृति से हुआ था फिर भी व्यक्तिगत रूप से इसका मेरे लिए अधिक महत्व नहीं था, क्योंकि मैं अपने बारे में बहुत कम जानता था और मेरे परमप्रिय के विषय में तो लगभग कुछ भी नहीं जानता था. बपतिस्मा ऐसे दो लोगों के बीच के संबन्ध पर हस्ताक्षर हैं जो एक दूसरे से प्रेम करते हैं. यीशु तो मुझे सदैव से प्रेम करता था, लेकिन मैंने उसे अब प्रेम करना आरम्भ किया था इसलिए मित्रता के इस बंधन के ऊपर बपतिस्मे की मोहर लगना बहुत ज़रूरी था.

जब मैं बपतिस्में के लिए पानी में उतरा, मेरा हृदय यीशु के ऊपर केन्द्रित था. वह मेरे जीवन का गीत और आनन्द था, और उसे अपना प्रभु मानते हुए अपना जीवन उसके हाथों में सौंपना आनन्दमय उत्सव के समान था. मेरी आत्मा को ढकनेवाला पानी इस बात का प्रतीक था कि उसके वचन से मेरे जीवन के सब पाप धुल गये थे. जो कार्य आरम्भ हुआ था उसके साथ यह प्रतिज्ञा जुड़ी थी कि वह पूरा भी हो जाएगा.

***

7. अधिक भ्रम

वह व्यक्ति दुचित्ता है और अपनी सारी बातों में चंचल है. याकूब 1:8.

यीशु के साथ मेरे पहले प्रेम के अनुभव के बाद लगभग दस वर्ष बाद, मैं भ्रम में फँस गया. मेरा मसीही जीवन इस प्रकार से चक्करदार हो गया जैसे कि इस्राएली जंगल में भटक रहे थे. यदि कोई यह कह देता कि मैं दुचित्ता व्यक्ति था, तो मुझे बुरा लगता और मैं क्रोधित हो जाता था. मैं इस बात के लिए यीशु से प्रेम करता था कि वह मेरे लिये क्रूस पर मरा था और मैं विश्वासयोग्यता से अपने पिता की आज्ञाओं का पालन करना चाहता था मैं परिस्थियों पर जय पाने के लिए अनुग्रह और शक्ति के लिए प्रार्थना कर रहा था. मैं कई बार सफल हो जाता था लेकिन निरंतर जय पाने से चूक जाता था.

मैं वचन के ज्ञान में बढ़ता गया और अपने परिवार तथा मित्रों के साथ अनेक सब्बत के दिनों में आत्मिक संगति का आनन्द लिया. फिर भी एक ख़ालीपन रह गया था. कोई बात ऐसी थी जो मुझे बेचैन कर रही थी लेकिन मैं उसे खोज नहीं पा रहा था. काफी समय तक तो मैं पूरी तरह से यह भी नहीं समझ पाया कि मेरे अन्दर एक ख़ालीपन है.

परन्तु जब हम सब के उघाड़े चेहरे से प्रभु का प्रताप इस प्रकार प्रगट होता है, जिस प्रकार दर्पण में, तो प्रभु के द्वारा जो आत्मा है, हम उसी तेजस्वी रूप

> में अंश अंश करके बदलते जाते हैं. 2 कुरिन्थियों 3:18.

एक बात मुझसे छिपी रही कि इन वर्षों में मैं जिस यीशु को देखता रहा वह दो अलग अलग संसारों को संयोजन है. एक तरफ तो मैंने यीशु के प्रेमी, देखभाल करनेवाले और तरस खानेवाले स्वभाव को देखा जो पिता के अद्भुत प्रेम को दिखाता है. मैंने उस कशमकश को भी समझने का प्रयास किया कि किस प्रकार से पिता ने अपने प्रिय पुत्र को स्वयं से दूर करना सहन किया. मैंने यीशु के प्रार्थनामय जीवन तथा हमारी एवज़ में मध्यस्थ की प्रार्थना करने वाले जीवन पर मनन किया जिसने मेरे दिल को छू लिया, मेरे दिल पिघल गया और मैंने मसीही जीवन जीने का फैसला कर लिया. फिर भी यीशु के व्यक्तित्व के एक पहलू को समझना अभी भी बाक़ी था, मैं समझता था कि इसका वर्णन बाइबल में पाया जाता होगा और मेरे मसीही जीवन के लिए यही आधार बन गया. थोड़ा समय लेकर यहाँ पर मुझे यह बताने दीजिये कि मेरे मन में क्या चल रहा था. अनेक बातों ने मिलकर कुछ ऐसा किया कि मैंने रोने लगा:

> रात के समय मैं अपने पलंग पर अपने प्राणप्रिय को ढूँढ़ती रही; मैं उसे ढूँढ़ती तो रही, परन्तु उसे न पाया. श्रेष्ठगीत 3:1.

मेरे पूरे बचपन भर शैतान की आवाज़ मुझे यही सलाह देती रही कि सम्मान पाने के लिए मैं आत्म निर्भरता और कठोर परिश्रम का सहारा लूँ. भले इंसान की छवि को मैंने अपने पतित स्वभाव के चश्मे के द्वारा देखा था जिसमें शैतान की सलाह शामिल थी कि ईमानदारी, सच्चाई और वफादारी के द्वारा सम्मान प्राप्त किया जा सकता था. आपको याद होगा कि मैंने यह कहा था कि शैतान ने मुझे उन्हीं बातों को करने की सलाह दी जिनकी सलाह मेरा परमप्रिय देता है लेकिन उसका उद्देश्य बिल्कुल अलग था.

चूँकि चरित्र निर्माण के इन वर्षों में शैतान की आवाज़ मेरे परमप्रिय की आवाज़ की आवाज़ से भी तेज़ सुनाई देती रही इसलिए मेरे मन में बनी हुई एक आदर्श पुरुष की

तस्वीर एक ऐसे इंसान की थी कि वह भले कार्य करे और दूसरों के सामने अच्छा चरित्र पेश करे. इस प्रकार के भले जीवन के प्रदर्शन के द्वारा मैं लोगों की सराहना और तारीफ़ प्राप्त करने के साथ साथ समाज में भी स्वीकृति प्राप्त करूँगा.

मैं इस बात से अनजान था कि जिस प्रकार के आदर्श पुरुष की तस्वीर मैंने अपने मन में बना रखी थी वह वास्तव में एक मूर्ति थी, जिसे अनजाने में ही मैंने यीशु की तस्वीर के साथ शामिल कर लिया था. मैंने यीशु के जीवन को देखा कि वह एक आदर्श पुरुष के सभी गुणों से संपन्न था, जिसने दया और धर्म के कार्यों द्वारा करोड़ों लोगों की सराहना और आराधना प्राप्त की थी. यीशु वास्तव में एक ऐसा मनुष्य था जिसके पद चिन्हों पर मैं चल सकता था और उसके समान बनने की चाहत रखता था. एक बार फिर शैतान ने सही कार्य ग़लत उद्देश्य से करने के लिए उभारा.

सबसे कठिन भाग तो यह था कि बाइबल का वास्तविक यीशु मेरे मन में बसे इस झूठे यीशु के साथ इस तरह से घुल-मिल गया था कि मैं दोनों में अन्तर नहीं कर सकता था.

> अत: अब से हम किसी को शरीर के अनुसार न समझेंगे. यद्यपि हमने मसीह को भी शरीर के अनुसार जाना था, तौभी अब से उसको ऐसा नहीं जानेंगे. 2 कुरिन्थियों 5:16.

मेरी समझ में यह कभी नहीं आया कि मैं यीशु को सांसारिक दृष्टिकोण से देख सकूँ. वो बात जिसने इस पूरे अनुभव को कठिन बना दिया था वो यह सच्चाई थी. मसीहत के आरम्भ से ही यीशु मसीह को ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा गया है कि उसके पास स्वर्ग से ही सामर्थ, योग्यता और वरदान प्राप्त हैं. इसी तरह से मैंने भी अपने मन में आदर्श पुरुष की एक ऐसी तस्वीर बनाई हुई थी जो भले कार्य करने के द्वारा सराहना प्राप्त करता है, मसीह अगुवे भी प्रक्रिया के अधीन रहे हैं. यह नया यीशु तीन व्यक्ति काए कभ ागथ ा,ए कप रमेश्वर,ि त्रएक.त ीन० यक्तियोंक ाए कप रमेश्वरम ें समाहित होने की जटिलता समझ में न आने के कारण मैंने यह समझने का प्रयास

करना ही छोड़ दिया कि वे आपस में एक दूसरे के साथ किस प्रकार से संबन्ध रखते हैं. मैंने इसे एक रहस्य के रूप में स्वीकार कर लिया.

यदि आप सावधानी से परमेश्वर के बारे में विभिन्न कलीसियाओं द्वारा किये गये वर्णन को पढ़ें तो पाएंगे कि परमेश्वर सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञानी होने के कारण ही आरधना का हक़दार है. मेरे बचपन का देवता यही था! जब मैंने इस देवता के बारे में सोचा, तो यह दृष्टि सही लग रहा था. इस दृष्टिकोण ने मेरे जीवन में यह किया कि मैंने अपने बचपन की धारणा के इस व्यक्ति को अपने जीवन का देवता बना लिया.

जो बात मेरी समझ में कभी नहीं आयी कि यह देवता जिसकी सेवा करने का मैंने वचन दिया था वह वास्तव में एक भले व्यक्ति का जो महिमा, आदर और सम्मान का हक़दार हो, मेरे बचपन की चाहत का एक सांकेतिक प्रकटीकरण था.

जैसा कि मैंने पहले कहा था, वह बात जिसके कारण इस देवता को समझना काफी कठिन हो गया था वह यह है मैंने बाइबल के इस सच्चे यीशु को इस देवता के साथ मिला दिया था. दो वर्ष के बाद मेरे बपतिस्मे के समय मेरे मन परिवर्तन ने परमेश्वर के इन दो रूपों को आपस में मिलना साबित कर दिया.

मेरे बपतिस्मे की प्रतिज्ञा ने पूछा:

> क्या तुम परमेश्वर पिता, उसके पुत्र यीशु मसीह और पवित्र आत्मा में विश्वास रखते हो?

लेकिन कलीसिया का कथन यह दिखाता था:

> एक परमेश्वर: पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा है, और ये तीनों सनातन काल से साथ साथ रहनेवाले व्यक्ति हैं. परमेश्वर अविनाशी, सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञानी, सबसे बड़ा और सदैव बना रहनेवाला

> परमेश्वर है. वह अनन्त परमेश्वर है और वह मानव प्राणी के समझ से परे है.

बहुत से लोग इन दो कथनों को पढ़ेंगे और कोई अन्तर नहीं समझ पायेंगे. बचपन में मैं भी कोई अन्तर नहीं समझ पाया था. मैं पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा की परिभाषा को समझ सकता था. ये परिभाषाएं बाइबल में पाई जाती हैं और मैंने इन तीनों को कार्य करते हुए देखा था, इसलिये मैंने मान लिया कि यह कथन सही था.

मेरे बपतिस्मे की प्रतिज्ञा साधारण रीति से इन तीन हस्तियों में इस विश्वास के साथ प्रकट करती है जहाँ पिता और पुत्र के बीच के संबंध को साधारण तरीके से *उसके* के रूप में दिखाती है. यह छोटा शब्द उसके में एक बड़ा अन्तर पाया जाता है. *उसके* शब्द ने ही *पिता* और *पुत्र* को वास्तविक अर्थ दिया है. यीशु उसका *पुत्र* था; पिता का पुत्र. मुख्य बात यह है कि पिता और *उसके* पुत्र के बीच के सम्बन्ध को तोड़ दिया गया था इसी बात ने मेरे दिल को तोड़ दिया. ये वे शब्द हैं जो मेरे दिल में चुभ गये.

> परमेश्वर के निर्दोष पुत्र ने पापों का सारा बोझ अपने ऊपर उठा लिया. जो परमेश्वर के साथ था, उसने अपनी आत्मा में उस डरावनी जुदाई (दूरी) को देखा, जो जगत के पाप के कारण परमेश्वर और उसके बीच में पैदा होनेवाली थी. इसी कारण उसके मुँह से आह भरे ये शब्द निकले थे, ''हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तूने मुझे क्यों छोड़ दिया?'' मत्ती 26:46. *टेप्स टु क्राइस्ट,* पृष्ठ 13.

इन शब्दों में मैंने सच्चाई को पहचान लिया:

> क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे वह नष्ट न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए. यूहन्ना 3:16.
>
> जो प्रेम परमेश्वर हम से रखता है, वह इस से प्रगट हुआ कि परमेश्वर ने

> अपने एकलौते पुत्र को जगत में भेजा है कि हम उसके द्वारा जीवन पाएँ. (10) प्रेम इसमें नहीं कि हमने परमेश्वर से प्रेम किया, पर इसमें है कि उसने हम से प्रेम किया और हमारे पापों के प्रायश्चित के लिए अपने पुत्र को भेजा. 1 यूहन्ना 4:9-10.

मेरे बपतिस्मे के 12 वर्ष बाद तक मैं इस बात को नहीं समझ पाया कि दो व्यक्तियों के बीच के सम्बन्ध को पिता और पुत्र कहा गया है और इसी में वह चाबी पायी जाती है जिसने मेरे जीवन को पूरी तरह से बदल दिया. अपने पुत्र को देना पिता का कार्य था न कि पुत्र अपने आप को देता है, पुत्र अपनी सामर्थ्य को प्रगट नहीं करता है, आत्म त्याग का चरित्र दिखाता है, और न ही वह अपने बड़े बड़े कार्यों को दिखाता है.पिता ने अपने पुत्र को भेजा कि वह पिता के प्रेमी चरित्र को हमारे सामने पेश करे, और अपने पुत्र को देने के कार्य के द्वारा हम पिता के हृदय से निकलने वाला सबसे अधिक आकर्षक, सुन्दर, कोमल और साहस भरा प्रेम प्रगट होता है.

जैसा कि मैंने पहले कहा था, मैं इस बात को समझ नहीं पाया था कि तीन व्यक्ति में एक एक त्रिएक परमेश्वर को स्वीकार करने के द्वारा मैं पिता और पुत्र के बीच में पाए जाने वाले संबन्ध के विषय में भ्रमित हो गया था. यह समस्या इस बात से और भी अधिक जटिल हो गयी कि यदि मैं यीशु से प्रेम करता हूँ तो मैं यीशु को पिता के बराबर का दर्जा देना पड़ेगा. बचपन से मैंने समानता के विषय में जो सीखा था वह यह था कि मैं संख्यात्मक रूप से उनकी तुलना करूँ. मैं इस बात की जाँच करता था कि मेरी बहन के प्याले में पड़ी हुई शिंकजी की मात्रा मेरे प्याले में पड़ी हुई शिंकजी से अधिक न हो. यदि मेरी बहन को पाँच टॉफी या कैंण्डी मिल गईं जबकि मुझे केवल चार मिलीं तो मैं बहुत देर तक रोता और चिल्लाया करता था. इसी तरह से वस्तुओं को बराबर की मात्रा में रखा जाता था. इस तरह से यह तय होना था कि यदि पिता और पुत्र दोनों एक बराबर हैं तो उन दोनों के पास एक समान मात्रा में सामर्थ्य, ज्ञान और उसी तरह का अस्तित्व भी होना चाहिए. यदि किसी को पिता से कुछ प्राप्त होता है, तो मात्रा की संख्याएं अलग अलग होंगी; ऐसा होगा जैसे कि एक के पास 100% होगी शिंकजी होगी और दूसरे के पास 50% शिंकजी और 50% पानी होगा.

इस प्रकार के तर्क मेरे मन की गहराईयों में चल रहे थे; यह तो प्राकृतिक, तर्क संगत था इसलिए उचित भी था. मैं नहीं जानता था कि परमेश्वर के विषय में इस प्रकार से सोचने पर वास्तव में *पिता* और *पुत्र* और उन दोनों के बीच में पाया जानेवाले सम्बन्ध अर्थहीन हो जाता है.

जब मैंने बाइबल से यीशु के पुत्र होने के विषय में जानकारी एकत्र की, मैं पाया कि यीशु अपने पिता के ऊपर अटूट भरोसा रखता और पूरी तरह से पिता की इच्छा के सामने समर्पित था. मैंने देखा कि वह किस तरह से एक तूफान के बीच में एक नाव में सो सकता था; पूरी शान्ति के साथ वह उस भीड़ का सामना कर सकता था जो उसकी मृत्यु की माँग कर रही थी; वह बिना खाना और पानी के 40 दिन तक प्रतीक्षा कर सकता था क्योंकि उसकी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए वह अपने पिता के ऊपर भरोसा रखता था. जब भरोसे और समर्पण के ये कार्य ईश्वरत्व के दूसरे व्यक्ति उस यीशु के ऊपर रखे गये जिसके पास पिता के समान सामर्थ्य थी, तो मेरा मन विचलित हो गया. इस व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के लिए पिता के प्रति किसी भी प्रकार से धन्यवादी होने की ज़रूरत नहीं थी, बजाए इसके वह ''पिता'' कहलाने वाले इस व्यक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा था, क्योंकि उम्र में, शक्ति में और ज्ञान में वह भी पिता के समान ही था. प्रेम से बराबर, और वास्तव में वे पूरी तरह से बराबर ही थे. मेरे दिल लिए जो एक समस्या यह थी कि समानता की इस गणना में नुकसानदाय तत्व था जिसने पिता और पुत्र शब्दों के अर्थ को ही समाप्त कर दिया जिसकी वजह से मेरे मन में पुत्रत्व का जो अर्थ था वह पूरी तरह से समाप्त हो गया. यदि यीशु मसीह अपने दायरे में वास्तव में पुत्र नहीं था तो मैं भी अपने दायरे में पुत्र नहीं हो सकता था. कैसे हो सकता था? देखने के द्वारा ही हम बदलते हैं. यदि मेरे मन में यीशु के पुत्र होने के विषय में संदेह था और केवल उसकी स्थिति के कारण पुत्र के रूप में स्वीकार किया गया था न कि पुत्र होने के कारण, फिर तो मुझे भी पुत्र होने पर संदेह हो सकता है और मैं भी अपने पद और कलीसिया में कार्य के आधार पर स्वीकार किये जाने की अपेक्षा कर सकता था.

इसलिए मैंने उसे यीशु की आराधना को उस यीशु के साथ मिला दिया जो स्वर्ग में पिता के किसी सहायता के बिना सर्वाधिकार सम्पन्न है परन्तु जो इस पृथ्वी के ऊपर अधीनता के साथ रहते हुए पिता के ऊपर भरोसा रखते उसकी आज्ञाओं का पालन करता है.इस ''स्वर्गीय यीशु'' ने ''पृथ्वी वासी'' यीशु के कार्य करने की विधि को प्रगट किया है. सर्वाधिकार सम्पन्न यह ''स्वर्गीय यीशु'' ने मुझे इस पृथ्वी वासी यीशु के स्वर्गीय रूप की नकल करते हुए उसके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया. मुझे इस बात का एहसास ही नहीं हुआ कि मेरे पापी स्वभाव ने स्वर्गीय पवित्र स्थान में एक ऐसे यीशु की मूर्ति की स्थापना कर दी जिसके अन्दर वही गुण हैं जो कि छोटी सींग में हैं और यह स्वर्गीय यीशु के गुणों के विपरीत है.

आइये मैं आपको कुछ उदाहरण देता हूँ जो यह बताएंगे कि यह किस प्रकार से वास्तविक जीवन कार्य करता है. अनेक बार जब मैं बैठ कर उपदेश सुन रहा होता था, मेरा परमप्रिय मुझसे कहता था कि मैं इन शब्दों को अपने हृदय में ग्रहण करूँ. लेकिन उसी समय शैतान मुझे इस बात के प्रेरित करता था कि मैं प्रचारक के ऊपर ध्यान दूँ कि वह किस प्रकार से प्रचार कर रहा था. यदि उपदेश अच्छी तरह से पेश किया जाता था तो मैं कल्पना करने लगता था कि मैं इसी उपदेश को पेश करूँगा और श्रोताओं की प्रतिक्रियाओं के बारे में कल्पना करने लगता. यदि प्रचारक बढ़िया रीति से प्रचार नहीं कर पाता तो शैतान मुझसे कहता कि मैं उससे भी बढ़िया तरीके से प्रचार कर सकता था. जब मैं कोई उपदेश प्रचार करता था और श्रोता लोग सत्य के द्वारा आशीषित होते तो मेरा परमप्रिय आनन्द करने के लिए मुझे उत्साहित करता था, लेकिन शैतान मेरे कान में धीरे से कहता था कि चर्च के दरवाज़े पर लोगों से हाथ मिलाते समय मैं उनसे तारीफ़ की उम्मीद रखूँ.

जब मैं किसी बाइबल अध्ययन में बैठता था, तो मेरा परमप्रिय मुझे उत्साहित करता कि मैं वचन के ऊपर गंभीरता से विचार करूँ, जबकि शैतान मुझे यह दिखाने के लिए उत्साहित करता था कि मैं कितनी भली प्रकार से बाइबल के वचनों को जानता था और उस विषय पर कितने अधिक पद ज़बानी बोल सकता था. जब मैं प्रार्थना के घेरे में होता था, मेरा परमप्रिय मुझे इस बात के लिए आनन्दित होने के लिए

उत्साहित करता था कि मैं प्रार्थना के सौभाग्य के द्वारा पिता के अनुग्रह के सिंहासन तक पहुँच सकता था, लेकिन शैतान मेरे मन में ऐसे विचारों को लाता था कि मुझसे पहले प्रार्थना करने वाला व्यक्ति कितनी लम्बी प्रार्थना करता है जबकि उसके पास कहने के लिए कुछ खास नहीं है. इससे मेरा विवेक विचलित हो जाता था और मेरे मन में इन दो विचारों को लेकर एक युद्ध शुरू हो जाता था जिसके कारण मैं पूरी तरह से भूल जाता था कि मेरे आस पास के लोग कौन सी बातों के लिए प्रार्थनाएं कर रहे थे.

मैंने पढ़ा कि यीशु ने पूरी रात प्रार्थना करने में बिताई और इस बात पर ध्यान केन्द्रित करने के बजाए कि वह अपने पिता से कितना अधिक प्रेम करता था, मैं इस तथ्य के ऊपर ध्यान केन्द्रित करता था कि उसने पूरी रात प्रार्थना में बिताई थी, और मैंने भी ऐसा ही करने का प्रयास किया, किन्तु मेरे परमप्रिय ने मुझे क़ायल किया कि इस उद्देश्य से प्रार्थना में पूरी रात बिताना पूरी रीति से ग़लत था. जैसा कि मैं पहले भी कह चुका हूँ कि मेरे मन में यह संघर्ष लगभग 10 वर्ष तक चलता रहा. जब मेरे उद्धारकर्ता ने मेरे सामने आहार और जीवन पद्धित के विषय पेश किये, तो शैतान ने मुझे उकसाया कि उचित आहार, पहनावा और मनोरंजन के ऊपर ध्यान केन्द्रित करूँ. दूसरों के ग़लत व्यवहार के लिए उनकी आलोचना करने से यह प्रकट हो जाता था कि मैं ग़लत आवाज़ को सुनकर प्रतिक्रिया कर रहा था. उचित मसीही व्यवहार फल बनने के बजाये मेरे अनुभव की जड़ बनता जा रहा था. ऐसा इसलिए हो रहा था क्योंकि मेरे बचपन का देवता मेरे हृदय में पूरे ब्रह्माण्ड का परमेश्वर बनकर बैठ गया था.

प्रतिदिन मेरे हृदय में चल रहे संघर्ष ने मेरे जीवन में काफी दु:ख घोल दिया. अनेक अद्भुत चमत्कार करनेवाला यह यीशु मेरी पकड़ से दूर और अधिक दूर होता चला जा रहा था. मेरे पहले प्रेम का आनन्द मुझ से छीना जा चुका था. मैंने अपने प्रिय को व्यर्थ में तलाश किया, और कहीं नहीं पाया. मेरा जीवन चर्च की गतिविधियों और अध्ययन से इस हद तक से भरा हुआ था,कि मेरे पास मेरे उद्धारकर्ता से बातचीत करने और बिताने के लिए बहुत कम समय था. और यदि मेरे पास समय होता भी था

तो मुझे लगता था कि मैं घर से बाहर निकल कर वे काम करूँ जो यीशु करता था और उसी के समान मदद करनेवाला इंसान बनूँ. यदि मैं अकेले में यीशु के साथ समय बिताता तो शायद कोई भी परवाह नहीं करेगा, तब तक तो कोई नहीं जब तक मुझे ऐसे लोग न मिलें जो प्रभु के साथ अकेले में समय बिताने को भला काम समझते हैं.

परमेश्वर को, उसके वचन को और जो मेरे आसपास थे उनसे प्रेम करनेवाला एक मसीही बनने की मेरी चाहत और इसके ठीक विपरीत इन बातों को करने के द्वारा लोगों की सराहना प्राप्त करने को लेकर मेरे अन्दर लगातार एक संघर्ष चलता रहता था.अपने मन में मैं जानता था कि भले कामों का श्रेय लेना ग़लत था, लेकिन मैं तो कल्पना किया करता था कि शरीर के कामों के ऊपर जयवन्त होने के लिए मसीही अनुभव का यह एक हिस्सा था. उपदेश का प्रचार करने के बाद मैं ऐसी टिप्पणियों से बचने का प्रयास किया करता था, लेकिन मैंने महसूस किया कि जब मैं कहता था,''मेरा धन्यवाद मत कीजिये, प्रभु का धन्यवाद कीजिए'' तो मेरा ध्यान अपने ऊपर होता था. मुझे ''मुझको'' ध्यानाकर्षण का केन्द्र नहीं बनाना था. साधारण शब्दों में मैं यह कह सकता था, ''प्रभु का धन्यवाद कीजिए'' लेकिन ''मेरा धन्यवाद मत कीजिए'' कहना इस बात को दिखाता था कि अच्छा उपदेश प्रचार करने के लिए सराहना प्राप्त करने की इच्छा मेरे दिल के किसी कोने में छिपी हुई थी.

एक बार जब मैं ऐडवेंटिस्ट पादरी बन गया, मेरी नियुक्ति एक ऐसी बढ़िया जगह पर हो गई जहाँ मैं पहले कभी नहीं पहुँचा था. मेरा ध्यान उन पादरियों के ऊपर गया जो पद पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे; मैंने देखा जो विचार मेरे अपने दिल में चल रहे थे वे विचार मेरे आस पास के पादरियों के कामों में दिखाई दे रहे थे. चूँकि मेरे विचार अभी तक मेरे दिल के किसी कोने में ही थे इसलिए मैं उन पादरियों की आलोचना करने लगा जो झुण्ड को भरमा रहे थे.

सेवकाई में कुछ समय रहने के बाद, चर्च की राजनीति में शक्ति के दुरूपयोग को देखकर, मैं सोचता हूँ कि मैं थोड़ा सा भ्रम मुक्त हो गया, और इसी समय प्रलोभन में

डालनेवाले ने एक दूसरी राह पकड़ने के लिए मुझे उत्साहित किया जबकि अधिकारियों को खुश करने का ख़याल अब मुझे आकर्षित नहीं करता था. अब मैं वृत्तचित्र (फिल्में) देखने, खेल-तमाशों के मनोरंजन में एक बार फिर से डूब गया. मैंने अपने आपसे कहा कि मुझे फरीसी बनने की ज़रूरत नहीं थी, और इसलिए मुझे बोझ हल्का करने और विश्राम करने की ज़रूरत थी. मुझे बोझ हल्का करने और विश्राम करने की ज़रूरत तो थी, लेकिन खेलों के द्वारा नहीं. खेलों ने मेरे इस विश्वास को दृढ़ किया कि लोगों द्वारा स्वीकार किये जाने,आदर और सम्मान प्राप्त करने के लिए आश्चर्यचकित करने वाले काम करना और उपलब्धि हासिल करना ज़रूरी था.

इस प्रकार की मनोदशा में मैं जीवन के मार्ग में रुका रहा. मैं इसलिए आगे नहीं बढ़ सका क्योंकि मेरे बचपन की मूर्तिपूजा के कारण परमेश्वर के विषय में मेरे विचार अभी तक स्पष्ट नहीं थे. इस मूर्तिपूजा के कारण प्रलोभन में डालनेवाले ने मेरे मन में ऐसी बातें डालीं और मैं यह भी नहीं समझ पाया कि वे कहाँ से आ रहीं थीं और ऐसा क्यों हो रहा था. और मेरे तर्कसंगत भ्रम के कारण मैं *कठिनाई* नाम की पहाड़ी पर सो गया जिस वजह से मैंने वे पत्रियाँ खो दीं जिन्हें अपने सीने से चिपका कर रखने की मुझे सलाह दी गई थी जैसे कि जॉन बनियन *पिलग्रिम्स प्रोग्रेस* में बताता है:

> मैंने कहा, ''मैं अब उठकर नगर में, और सड़कों और चौकों में घूमकर अपने प्राणप्रिय को ढूँढूँगी.'' मैं उसे ढूँढ़ती तो रही, परन्तु उसे न पाया. (3) जो पहरुए नगर में घूमते थे, वे मुझे मिले, मैंने उन से पूछा, ''क्या तुम ने मेरे प्राणप्रिय को देखा है?'' श्रेष्ठगीत 3:2-3.

***

खण्ड 2 – प्रेमालाप

8. पहला परदा



प्रलोभन में डालनेवाले ने मेरे परमप्रिय की एक भ्रमित छवि के द्वारा मुझे धोखा दिया था. वह मसीह जो लोगों के ऊपर प्रगट किया गया तथा वह मसीह ''परमेश्वरत्व का दूसरा व्यक्ति'' जो देहधारी हुआ, जिसके पास अपने ही स्रोत से सामर्थ्य, शक्ति और सम्मान है, वे दोनों आपस में दोनों मिल जुल गये[2]. मेरे सामने इस व्यक्ति को परमेश्वर के समान इसलिये प्रस्तुत नहीं किया गया कि पुत्र होने के नाते उसे परमेश्वर से सामर्थ्य मिली है बल्कि क्योंकि उसके पास उसकी स्वयं की सामर्थ्य है. इन दोनों में से एक भी विचार मेरे लिए स्पष्ट नहीं था; मैं तो इस विश्वास के पूर्वाभासी परिणाम को भोगते हुए जीता रहा.

---

[2] यह मेरा अनजान पुर्ननवीनीकरण था कि 451 ईस्वी में चाल्सीदोन की परिषद् में औपनिवेशिक रूप से पूर्वोत्तर संघ के सिद्यान्त में रोम ने बहुत पहले क्या किया था. यह दो–विपरीतों के साथ द्वन्द्वात्मक जुड़ाव रहा है. वास्तविकता से निपटने के लिए रोम को इस सिद्यान्त की आवश्यकता है कि आत्मा–अस्तित्व वाले देवता मर नहीं सकते हैं. मैं इस अध्यापन/शिक्षण के एक कच्चे रूप को एक विनम्र भरोसा करनेवाले सांसारिक यीशु मसीह को एक आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी स्वर्गीय यीशु के साथ जोड़ना चाहता हूँ.

जैसा कि मैंने पहले कहा था, अपने साथी पादरियों के घटी घटनाओं के कारण और अधिक भ्रमित हो गया. मैंने कलीसिया की सभाओं में पक्षपात, मुद्दों को छिपाना और राजनीतिक चालबाज़ी को देखा.

मेरे परमप्रिय से निकटता के अभाव में, पाप मुझे पापपूर्ण नहीं लगता था, मेरा विवेक इतना अधिक कोमल नहीं था, और आत्म दया ने प्रलोभित करनेवाले को मेरे हृदय के ऊपर पकड़ बनाने की अनुमति दे दी. थोड़ा सा आत्म-भोग विलास धीरे-धीरे बड़ा आत्म-भोग विलास में बदलता गया. एक धार्मिक अगुवा होने के नाते मैं अपने बाहरी रूप की तो अच्छी देख-भाल कर रहा था, लेकिन मेरे गोपनीय मन में, मैं जिन फिल्मों को देखा करता था उनकी भाषा और हिंसा के विषय में बहुत कम चिंता करता था. मैं उन खेलों में अधिक रुचि लेने लगा जिनमें निरंतर दिखाया जाता था कि उपलब्धि के द्वारा सम्मान प्राप्त किया जाता है.

इस तरह की मनोदशा में, मैंने एक व्यक्तिगत रेखा पर पाँव रख दिया जिसे मैं अस्वीकार्य मानता था. इस बाहरी रूप से दिखाई देनेवाली कोई बात नहीं थी और यह तो मेरे हृदय में चल रहा था लेकिन परमेश्वर की व्यवस्था के अनुसार, मैंने अपने आपको दोषी महसूस किया. इसके द्वारा मैं अपने जीवन में एक आलोचनात्मक बिन्दु पर आ गया. कठिन परिश्रम, ईमानदारी और अनुशासन के द्वारा आदर और सम्मान प्राप्त करने के सिद्धान्त पर आधारित सोच के कारण मैंने महसूस किया कि मैं असफल हो चुका था. आरम्भ में मुझे केवल एक ही विकल्प दिखाई दे रहा था कि इतने ऊँचे आदर्श के समाने मैं एक मसीही बनकर जीने के बारे में सब कुछ पीछे छोड़ कर भूल जाऊँ. यदि जो कुछ मैं प्रचार कर रहा था वह मेरे अपने जीवन में नहीं था तब मुझे वह प्रचार करना बन्द कर देना चाहिए. जो लोग विश्वास से महापवित्र स्थान में मसीह के पीछे पीछे चलते हैं, बाइबल प्रतिज्ञा करती है कि वे पाप के ऊपर जय पायेंगे. मैं इस विजय का अनुभव नहीं कर रहा था. मैं जानता था कि परमेश्वर पापों को क्षमा करता है, लेकिन वह जीवन में विजय का वायदा भी करता है.

प्रलोभन में डालनेवाले ने मेरे परमप्रिय की एक भ्रमित छवि के द्वारा मुझे धोखा दिया था. वह मसीह जो लोगों के ऊपर प्रगट किया गया तथा वह मसीह ''परमेश्वरत्व का दूसरा व्यक्ति'' जो देहधारी हुआ, जिसके पास अपने ही स्रोत से सामर्थ्य, शक्ति और सम्मान है, वे दोनों आपस में दोनों मिल जुल गये. मेरे सामने इस व्यक्ति को परमेश्वर के समान इसलिये प्रस्तुत नहीं किया गया कि पुत्र होने के नाते उसे परमेश्वर से सामर्थ्य मिली है बल्कि क्योंकि उसके पास उसकी स्वयं की सामर्थ्य है. इन दोनों में से एक भी विचार मेरे लिए स्पष्ट नहीं था; मैं तो इस विश्वास के पूर्वाभासी परिणाम को भोगते हुए जीता रहा.

जैसा कि मैंने पहले कहा था, अपने साथी पादरियों के घटी घटनाओं के कारण और अधिक भ्रमित हो गया. मैंने कलीसिया की सभाओं में पक्षपात, मुद्दों को छिपाना और राजनीतिक चालबाज़ी को देखा.

मेरे परमप्रिय से निकटता के अभाव में, पाप मुझे पापपूर्ण नहीं लगता था, मेरा विवेक इतना अधिक कोमल नहीं था, और आत्म दया ने प्रलोभित करनेवाले को मेरे हृदय के ऊपर पकड़ बनाने की अनुमति दे दी. थोड़ा सा आत्म-भोग विलास धीरे-धीरे बड़ा आत्म-भोग विलास में बदलता गया. एक धार्मिक अगुवा होने के नाते मैं अपने बाहरी रूप की तो अच्छी देख-भाल कर रहा था, लेकिन मेरे गोपनीय मन में, मैं जिन फिल्मों को देखा करता था उनकी भाषा और हिंसा के विषय में बहुत कम चिंता करता था. मैं उन खेलों में अधिक रुचि लेने लगा जिनमें निरंतर दिखाया जाता था कि उपलब्धि के द्वारा सम्मान प्राप्त किया जाता है.

इस तरह की मनोदशा में, मैंने एक व्यक्तिगत रेखा पर पाँव रख दिया जिसे मैं अस्वीकार्य मानता था. इस बाहरी रूप से दिखाई देनेवाली कोई बात नहीं थी और यह तो मेरे हृदय में चल रहा था लेकिन परमेश्वर की व्यवस्था के अनुसार, मैंने अपने आपको दोषी महसूस किया. इसके द्वारा मैं अपने जीवन में एक आलोचनात्मक बिन्दु पर आ गया. कठिन परिश्रम, ईमानदारी और अनुशासन के द्वारा आदर और सम्मान प्राप्त करने के सिद्धान्त पर आधारित सोच के कारण मैंने महसूस किया कि मैं

असफल हो चुका था. आरम्भ में मुझे केवल एक ही विकल्प दिखाई दे रहा था कि इतने ऊँचे आदर्श के समाने मैं एक मसीही बनकर जीने के बारे में सब कुछ पीछे छोड़ कर भूल जाऊँ. यदि जो कुछ मैं प्रचार कर रहा था वह मेरे अपने जीवन में नहीं था तब मुझे वह प्रचार करना बन्द कर देना चाहिए. जो लोग विश्वास से महापवित्र स्थान में मसीह के पीछे पीछे चलते हैं, बाइबल प्रतिज्ञा करती है कि वे पाप के ऊपर जय पायेंगे. मैं इस विजय का अनुभव नहीं कर रहा था. मैं जानता था कि परमेश्वर पापों को क्षमा करता है, लेकिन वह जीवन में विजय का वायदा भी करता है.

क्योंकि मेरे दिमाग़ में यह स्पष्ट नहीं था कि यीशु वास्तव में कौन है इसलिए महापवित्र स्थान का अनुभव प्राप्त करने की लगभग सभी संभावनाएं समाप्त हो चुकी थीं. मेरे भ्रमित विचारों के कारण मुझे तो अभी पवित्रस्थान का अनुभव भी प्राप्त नहीं हुआ था. इस विषय में विस्तार से हम बाद में बात करेंगे, परन्तु अभी तो यही कहना पर्याप्त है कि यीशु के पुत्रत्व के विषय मेरे विचारों में स्पष्टता न होने के कारण मैं यीशु के साथ एक सतत और मधुर सम्बन्ध बनाये रखने में मैं असफल रहा. मैं तो यह भी नहीं जानता था कि मेरे विचारों में मतभेद था. मैंने तो अपने प्रतिदिन के जीवन में अपने मन में इस संघर्ष को अनुभव किया था.

जैसे जैसे मैंने अपने ऊपर व्यवस्था के भार को अनुभव किया और मैंने अपनी संभावनाओं के ऊपर विचार किया, मैंने पाया कि अपनी और अपने पूर्वजों की कल्पनाओं की मूर्ति की पूजा करने के द्वारा:

> और वही आज्ञा जो जीवन के लिये थी, मेरे लिये मृत्यु का कारण ठहरी. (11) क्योंकि पाप ने अवसर पाकर आज्ञा के द्वारा मुझे बहकाया, और उसी के द्वारा मुझे मार भी डाला. रोमियों 7:10-11.

वह आज्ञा जो जीवन के लिये दी गयी थी, मैंने पाया कि मेरे लिये वह मृत्यु का कारण इसलिये बनी क्योंकि अपने हृदय में ग़लत देवता को बैठाकर मैं अपनी उपलब्धियों के द्वारा अपनी पहचान बनाने की चाहत रखता था. परमेश्वर के सामने मैं अपने

आपको दोषी महसूस कर रहा था. जब मैं दोष के बारे में सोचता था तो प्राकृतिक रूप में मैं पिता के बारे में सोचता था, क्योंकि मुझे अनुशासित करने के लिए मेरा दुनियावी पिता परमेश्वर के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता था. इसलिए जब मुझे अपने पापों का सामना करना पड़ता था तो मुझे अपने स्वर्गीय पिता का सामना करना पड़ता था. वह मुझे कैसे माफ कर सकता था? सम्मानीय लोगों के कानून के अनुसार, मैं अपने आपको क्षमा के लिये अयोग्य महसूस करता था. मैं इसलिए भी अपने आपको अयोग्य महसूस करता था क्योंकि मैं परमेश्वर की सेवा करने के द्वारा लगातार प्रशंसा प्राप्त नहीं कर सकता था इसलिए मैं निराश भी था.

जब मैं ऐसी संघर्षमय स्थिति में प्रार्थना कर रहा था, मेरा परमप्रिय मेरे पास आया और मुझे याद दिलाया कि पिता मुझसे प्रेम करता है. यदि मैं उसके द्वारा मेरे लिये दिये गये बलिदान पर दृढ़ता से भरोसा बनाये रखूँ, तब मैं वास्तव में पूरी तरह से क्षमा कर दिया गया हूँ.

जैसे-जैसे मैंने भ्रमित करनेवाली धुन्ध के बीच में तलाश की, मैं पिता के प्रेम का आश्वासन प्राप्त करना चाहता था. परमेश्वर का वचन कहता है, ''विश्वास करो!'' फिर भी मेरी राह में एक ठोकर का पत्थर था. बाइबल वाले यीशु का पिता मेरे जीवन में घनिष्टता से संलग्न था, लेकिन त्रिएकता/त्रिएकत्व वाला पिता काफी दूर था क्योंकि उसके सभी वास्तविक कार्य यीशु के द्वारा किये जाते थे. पिता तो बस अपने सिंहासन पर बैठ कर स्वीकृति देता और अपने पुत्र के कार्यों पर मुस्कराता था. उस समय तो मैं इन सब बातों को ठीक से नहीं समझ पाता था, लेकिन इस विचार के कारण मेरे मन में पिता और मेरे बीच में एक खाई बन गयी थी. क्या वह वास्तव में मुझे क्षमा कर सकता था?

वचन ने मुझसे कहा, ''ऐड्रियन, तुम इसे दृढ़ता से पकड़े क्यों नहीं रहते हो?'' फिर भी मैं संघर्ष करता रहा. और तब मेरे पास यह वचन पहुँचा:

कि उसके उस अनुग्रह की महिमा की स्तुति हो, जिसे उसने हमें उस प्रिय

में सेंत-मेंत दिया. इफिसियों 1:6.

क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे वह नष्ट न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए. यूहन्ना 3:16.

और तुम जो पुत्र हो, इसलिए परमेश्वर ने अपने पुत्र के आत्मा को, जो 'हे अब्बा, हे पिता कहकर पुकारता है,' हमारे हृदयों में भेजा है. गलातियों 4:6.

एक बार पुन: मुझे याद आया कि पिता का उसके पुत्र से अलगाव ही है जो पिता की हमारे प्रति भावनाओं को प्रगट करता है. केवल इस बात को समझने के द्वारा कि परमेश्वर यीशु का पिता था मैं अपने प्रति उसके प्रेम के लिए धन्यवाद करने लगा. यदि यीशु परमेश्वर का पुत्र नहीं था तब परमेश्वर हमें ऐसा कुछ भी नहीं दे रहा था जो कि उसका अपना था; बल्कि वह तो ''पुत्र को'' उसकी सोच के अनुसार चलते हुए देख रहा था. हम ऐसा कह सकते हैं कि पिता पुत्र के साथ अपने सम्बन्ध का त्याग कर रहा था, लेकिन यह सम्बन्ध उसका सम्बन्ध नहीं था, इसलिए यह बात कि, ''पिता ने जगत से ऐसा प्रेम रखा,'' हमारे गले नहीं उतरती है. जब मैं इस वाक्य में परमेश्वर शब्द पढ़ता हूँ, तो मुझे लगता है कि ईश्वरत्व के तीन व्यक्तियों ने मिलकर यह फैसला किया कि यीशु इस जगत में आये जबकि उसी समय यह बात भी कही जा रही है कि पिता ने उसे भेजा. इस भ्रम ने परमेश्वर के अनुग्रह और क्षमा के बीच हमसे दूरी बना दी. इस तरह से मैं *पिलग्रिम्स प्रोग्रेस* एक थके हुए यात्री के समान दो बड़े शेरों के सामने अकेला खड़ा था. मैं देख सकता था कि सुरक्षा प्रदान करनेवाला शरणस्थल मेरे सामने ही था, लेकिन पहले मुझे विश्वास की परीक्षा पास करना ज़रूरी था.

संकट के क्षणों में मैं अपने वास्तविक पिता के पास गया और यह विश्वास करने का निर्णय लिया कि वह मुझे क्षमा करता है. जैसे ही मैंने इस आश्वासन पर भरोसा किया कि अपने परमप्रिय में मुझे स्वीकार किया जाता है, मेरा हृदय आनन्द से भर गया. वह तो वास्तव में मेरा परमप्रिय था.

> मुझ को उनके पास से आगे बढ़े थोड़ी ही देर हुई थी कि मेरा प्राणप्रिय मुझे मिल गया. मैंने उसको पकड़ लिया, और उसको जाने न दिया. जब तक कि मैं उसे अपनी माता के घर, अर्थात् अपनी जननी की कोठरी में न ले आई. (5) हे यरूशलेम की पुत्रियो, मैं तुम से चिकारियों और मैदान की हरिणियों की शपथ धराकर कहती हूँ, कि जब तक प्रेम आप से न उठे, तब तक उसको न उसकाओ और न जगाओ. (6) यह क्या है जो धुएँ के खम्बे के समान, गन्धरस और लोबान से सुगन्धित और व्यापारी की सब भाँति की बुकनी लगाए हुए जंगल से निकला आता है. श्रेष्ठगीत 3:4-6.

मेरे पहले प्रेम का संपूर्ण आनन्द वापस लौट आया. एक बार फिर से मसीह के प्रेम ने मेरी आत्मा के प्रत्येक कोने को सुगन्धित कर दिया. मुझे क्षमा प्राप्त हुई, मुझे दो बार क्षमा किया गया; पहला तो मेरे बचपन और जवानी के पापों के लिए क्षमा प्राप्त हुई और अब पुन: मुझे मेरे आरम्भिक प्रौढ़ावस्था के पापों के लिये क्षमा किया गया.

इन घटनाओं के तुरन्त बाद, हमारे पिता ने यह सुनिश्चित किया कि उसके पुत्र के बारे में पूरी तरह से सीखने के लिए मेरे पास समय रहे और मैं यह समझना शुरू कर सकूँ कि इतने अधिक वर्षों तक मैं भ्रमित की स्थिति में क्यों भटकता रहा. मैं काफी बीमार हो गया और मुझे पादरी का काम रोकना पड़ा. हम ऐसे स्थान में चले गये जहाँ पर चंगाई प्राप्त करने, अध्ययन करने और प्रार्थना करने के लिए मेरे पास समय था.

जब मैं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहा था, सात वर्ष पुरानी एक लम्बी बातचीत जिसमें मैं शामिल हुआ था, मुझे याद आई. मेरे मित्रों में से एक मित्र ने मुझे बताया कि त्रियेकता के विषय में समस्याएं थीं और यह कि इस शिक्षा को कलीसिया ने आरम्भ से अपने विश्वासों में शामिल नहीं किया था. मुझे बड़ा धक्का लगा. इसके विषय में मैं कुछ भी नहीं जानता था. कलीसिया के लिये इसका आशय कितना बड़ा था यह बात स्वीकार करना मेरे लिए काफी कठिन थी. दु:खी होकर मैंने विषय बदल दिया और मैंने प्रेरणा के कथनों में से कुछ ऐसे कथन चुन लिये जो मेरे विश्वास का समर्थन करते हुए दिखाई दे रहे थे. मेरा परमप्रिय जिस आदर का हक़दार है, कोई भी उसके

उस आदर को कम नहीं कर सकती थी. मैं किसी व्यक्ति को यह अनुमति नहीं दूँगा कि वह यीशु की दिव्यता को कम कर सके. मैंने और मेरे अनेक मित्रों ने इस व्यक्ति को (जिसने कहा था कि त्रियेकता आरम्भिक कलीसिया के विश्वासों में शामिल नहीं थी) भ्रमित और भटका हुआ मान लिया जो आत्माओं को बचाने के काम से दूर भाग रहा था. परमेश्वर के प्रति मेरी विश्वासयोग्यता को दर्शाने के लिए, यह तर्क मुझे पूरी तरह से तर्कसंगत दिखाई दिया.

सात वर्ष बाद, मैं अपने मित्र के पास गया और बीरिया के मसीही बनकर सब बातों को न परखने के लिए मैंने उससे क्षमा माँगी. उसने मुझे प्रेम से क्षमा कर दिया, फिर मैंने इस विषय में पढ़ने के लिए उससे और अधिक पुस्तकें माँगीं. जैसे जैसे मैं पढ़ने लगा, इस विषय पर मैं वचन की स्पष्ट शिक्षा की ओर खिंचता चला गया.

> क्योंकि जिस रीति से पिता अपने आप में जीवन रखता है, उसी रीति से उसने पुत्र को भी यह अधिकार दिया है कि अपने आप में जीवन रखे. यूहन्ना 5:26.
>
> और अनन्त जीवन यह है कि वे तुझ एकमात्र सच्चे परमेश्वर को और यीशु मसीह को, जिसे तू ने भेजा है, जानें. यूहन्ना 17:3.
>
> परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह के सुसमाचार का आरम्भ. मरकुस 1:1.
>
> शमौन पतरस ने उत्तर दिया, ''तू जीविते परमेश्वर का पुत्र मसीह है.'' मत्ती 16:16.
>
> पूर्व युग में परमेश्वर ने बापदादों से थोड़ा थोड़ा करके और भाँति-भाँति से भविष्यद्वक्ताओं के द्वारा बातें कर, (2) इन अन्तिम दिनों में हम से पुत्र के द्वारा बातें कीं, जिसे उसने सारी वस्तुओं का वारिस ठहराया और उसी के द्वारा उसने सारी सृष्टि की रचना की है, (3) वह उसकी महिमा का प्रकाश और उसके तत्व की छाप है, और सब वस्तुओं को अपनी सामर्थ्य के वचन से संभालता है. वह पापों को धोकर ऊँचे स्थानों पर महामहिमन् के दाहिने

जा बैठा; (4) और स्वर्गदूतों से उतना ही उत्तम ठहरा, जितना उसने उनसे बड़े पद का वारिस होकर उत्तम नाम पाया. इब्रानियों 1:1-4.

मेरे परमप्रिय ने इन शब्दों के द्वारा मुझसे बातें कीं. जब मैं बाइबल को साधारण रीति से पढ़ता हूँ, तो ऐसा प्रतीत होता है यीशु वास्तव में परमेश्वर का पुत्र है. इन विचारों के आनन्द के सामने मैं अपने आप को समर्पित करने लगा था कि प्रलोभन में डालनेवाले ने धीरे से कहा,''किस तरह से यीशु एक ओर तो पिता के तुल्य हो सकता है और दूसरी ओर परमेश्वर से पैदा भी हो सकता है? ऐड्रिन, यह तो मसीह की दिव्यता को कम करता है. क्या तुम्हें पूरा भरोसा है कि तुम अपना सब कुछ उस बात के ऊपर दाँव पर लगा देना चाहते हो जिसके बारे में अभी तुम स्वयं भी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हो?''

मैंने एक सम्मानीय विद्वान को इस विषय में एक ई-मेल भेजी और उन्होंने मुझे जो उत्तर दिया वह स्वीकार करने के योग्य लगता था. यीशु को पूरी तरह से दैवीय व्यक्ति और पिता के तुल्य देखने की मेरी चाहत के साथ मिलकर इस सच्चाई को कि यीशु परमेश्वर का पुत्र था, पूरी तरह से स्वीकार करने से मुझे रोक दिया. फिर भी अब तक इतना कुछ पढ़ चुका था जिससे यह बात भली प्रकार से समझ सकता था कि इस कहानी के दो पहलू थे. इस विषय में अधिक सीखने के लिए मैंने अपनी इच्छा को बनाये रखा, लेकिन दु:ख की बात यह है कि मैं त्रिएकता से भी लिपटा रहा.

मैं आपको एक बात बताना चाहता हूँ कि बहुत से मित्र और कलीसिया में मेरी स्थिति खो देने के भय ने मेरे निर्णय को बिल्कुल भी प्रभावित नहीं किया, लेकिन मैं ऐसा नहीं कह सकता हूँ. त्रिएकता को त्यागने के कारण मेरे कुछ मित्रों को कलीसिया से निकाला जा चुका था, और मैं इस प्रकार की परिस्थितियों में फंसना नहीं चाहता था. बिना सोचे-विचारे मैंने उस विद्वान व्यक्ति के विचारों को स्वीकार कर लिया था जिसे मैंने ई-मेल लिखा था. मेरे विद्वान मित्र ने सलाह दी थी कि जिस प्रकार से भविष्य में आनेवाले मसीह के कार्य को अपेक्षित रूप में स्वीकार किया जाता है ठीक उसी प्रकार से यह शीर्षक पुत्र को भी स्वीकार किया जा सकता था.

हाँ, यह शब्द मसीह वास्तव में एक शीर्षक या मसीह के कार्यालय का नाम था जोकि वह मेमना है जो जगत की उत्पत्ति से पहले से बलिदान हुआ है और यही प्रतिज्ञा तो उसने की थी कि वह हमारे लिये करेगा. मसीह यह एक शब्द या एक शीर्षक है जिसे परमेश्वर के पुत्र के लिए प्रयोग किया गया है और इसलिए इसे पूर्वानुमान के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए. लेकिन, *पुत्र* शब्द कोई शीर्षक या कार्यालय का नाम नहीं था, बल्कि यह तो वास्तव में पिता के साथ उसका संबन्ध था. मेरे मित्र की दलील ने शब्द *पुत्र* को एक *व्यक्ति* से एक *कार्यालय* में बदल दिया था. इन दोनों में अन्तर क्या है? यह अन्तर इस बात का है कि आप कौन हैं और आप क्या करते हैं. इसमें आपका परिचय आपके कार्य या कार्यालय से नहीं किन्तु आपके सम्बन्ध से दिया जाता है. क्या यह अन्तर महत्वपूर्ण है? जैसा कि मैंने बाद में पाया कि यह अन्तर ऐसा है कि आप परमेश्वर के बजाए शैतान की आराधना कर रहे हों.

अब मेरा हृदय मेरे परमप्रिय के विषय में दूसरी बातों को सीखने के प्रति खुल गया था. फिर भी मैं दो विचारों के बीच में लटका हुआ था. अब मेरा हृदय इस विचार को स्वीकार कर रहा था कि यीशु वास्तव में परमेश्वर का पुत्र था, लेकिन अभी भी कुछ बातें पूरी तरह से स्पष्ट नहीं थीं.

> तब उसने उनसे कहा, ''हे निबुद्धियो, और भविष्यद्वक्ताओं की सब बातों पर विश्वास करने में मन्दमतियो!'' लूका 24:25.

मेरे प्रेमी पिता ने मुझ पर दया दिखाई. वह जानता था कि पूरी सच्चाई का सामना करने के लिए तैयार होने के लिए मुझे और अधिक सामर्थ्य, आँखों के लिए सुरमा और मेरे परमप्रिय की अधिक मध्यस्ता की आवश्यकता थी. ये सब बातें पवित्र स्थान में प्राप्त हो सकती थीं. स्वर्ग की रोटी, जगत की ज्योति और वेदी के सामने मेरे लिये मसीह की मध्यस्ता, मेरे परमप्रिय को पूरी तरह से स्वीकार करने के लिए मेरे सवालों के जवाब प्रदान करनेवाला था.

***

9. जगत की ज्योति



तेरा वचन मेरे पाँव के लिये दीपक, और मेरे मार्ग के लिए उचियाला है. भजनसंहिता 119:105.

उसमें जीवन था और वह जीवन मनुष्यों की ज्योति था. यूहन्ना 1:4.

यीशु ने फिर लोगों से कहा, ''जगत की ज्योति मैं हूँ; जो मेरे पीछे हो लेगा वह अन्धकार में न चलेगा, परन्तु जीवन की ज्योति पाएगा.'' यूहन्ना 8:12.

जब मेरा हृदय इस सत्य के प्रति खुल गया कि यीशु वास्तव में एक पुत्र है, तब अचानक से पवित्रशास्त्र के अनेक पद बड़ी स्पष्टता से मुझे समझ में आने लगे. चूँकि यीशु कोने के सिरे का वह पत्थर है, इसलिये प्रत्येक सत्य को समझना इस बात के साथ जुड़ा हुआ है कि हम यीशु को किस तरह से समझते हैं. ''त्रिएकता (त्रिएकत्व) के दूसरे व्यक्ति'' के रूप में, ''वह पुत्र'' वह व्यक्ति था जो अपने ही संसाधनों से महान कार्य करता था. लेकिन पिता के एक पुत्र के रूप में, मैं उस पुत्र को उस व्यक्ति के रूप में देखने लगा, जो सब कुछ प्राप्त करता है, जो आशीषें प्राप्त करता है और उसे पुत्र होने के कारण प्रेम किया जाता है न कि इस बात के आधार पर कि वह क्या करता है. ये अनुभूतियाँ मेरे स्पष्ट रूप से अनुभव तो नहीं हो रही थीं लेकिन जब मैं पवित्रशास्त्र को पढ़ता था और जो कुछ मेरे चारों ओर हो रहा था उन

दोनों ही बातों में मुझे दिखाई देने लगा था.

यद्यपि त्रिएकता के विषय में मेरे पास सभी सवालों के जबाव नहीं थे, फिर भी पुत्रत्व के विषय में सत्य ने मेरे विश्वास के कोने के सिरे का पत्थर बदल दिया था, और इस बहुमूल्य कोने के सिरे के पत्थर ने धीरे धीरे सभी विश्वासों को क्रम से रखना शुरू कर दिया. मेरे हृदय में विराजमान मेरे बचपन का देवता अब गम्भीर चुनौती का सामना करने लगा था. यद्यपि मैं अभी भी यीशु को उसके संसाधनों के आधार पर सर्वशक्तिमान मान रहा था, पुत्रत्व के विचार ने इस सिद्धान्त को मेरे जीवन में अनुकरण करने की अनुमति प्रदान करना शुरू कर दिया. मैं इस बात का बड़े उत्साह के साथ अनुकरण करने लगा कि वह प्राप्त करता है, वह अपने पिता के द्वारा आशीषित होता और इस विचार ने सब कुछ बदलना आरम्भ कर दिया.

एक सब्बत की दोपहर के बाद जब मैं अपने घर के निकट एक सुन्दर देहाती क्षेत्र में टहल रहा था, मैंने अपने पुत्र के जन्म के बारे में सोचने लगा. जब मैंने उसके जन्म की घटनाओं को याद करना शुरू किया, मैं उन विचारों को याद करने लगा जो मेरे दिमाग़ में थे. जब मैंने अपने पुत्र को अपनी गोद में लिया, मैंने प्रार्थना की थी, ''हे प्रभु, कृपया होने देना कि मेरे और मेरे पुत्र के बीच में कुछ भी आने न पाये, और मैं यह प्रार्थना करता हूँ कि वह यह जान सके कि मैं कौन हूँ.'' अब जबकि मैं यीशु को एक वास्तविक पुत्र के रूप में देखने लगा था, इसलिए मैं अब उस स्पष्ट आवाज़ को सुनने के लिए तैयार भी था जो उस सब्बत के शान्त दिन में मेरे स्वर्गीय पिता की ओर से मेरे लिये आई थी.

''ठीक इसी तरह से मैं तुम्हारे बारे में भी महसूस करता हूँ.''

मैं आवाक रह गया. यीशु कौन था इस बात की समझ में बदलाव ने इस कथन की वास्तविक शक्ति का मुझे ऐहसास दिलाना शुरू कर दिया. परमेश्वर मुझसे यह कह रहा था कि वह नहीं चाहता कि उसके और मेरे बीच में कोई वस्तु आए, और वह यह चाहता था कि मैं उसे जानूँ कि वह कौन है. अब चूँकि मैं समझ चुका था कि

यीशु पुत्र था, मैं भी उसका अनुकरण करने और यह विश्वास करने लगा कि मैं भी मेरे अपने क्षेत्र में एक पुत्र था. यीशु का पिता के पुत्रत्व ने इस बात को निश्चत कर दिया कि मैं भी पिता का एक पुत्र था. केवल परमेश्वर के पुत्र के द्वारा मैं इसे समझना शुरू पाया.

> ...कि मैं अपने पिता और तुम्हारे पिता, और अपने परमेश्वर और तुम्हारे परमेश्वर के पास ऊपर जाता हूँ. यूहन्ना 20:17.

> कि उसके उस अनुग्रह की महिमा की स्तुति हो, जिसे उसने हमें उस प्रिय में सेंत-मेंत दिया. इफिसियों 1:6.

इस नयी समझ के बावजूद, जब मैंने इस बात को समझा कि हमारा स्वर्गीय पिता हम से क्या कह रहा था, मैंने महसूस किया कि मेरी आत्मा के ऊपर से प्रतिरोध का एक झोंका सा गुज़र गया. परीक्षा में डालनेवाले ने मेरी असफलताएं और वे कारण मुझे याद दिलाने शुरू कर दिये जिनके कारण मैं परमेश्वर का पुत्र कहलाने के योग्य नहीं हो सकता था. मेरे दिमाग़ में यह युद्ध आगे पीछे चलता था कि क्या मैं परमेश्वर का पुत्र होने का दावा कर सकता था या नहीं और स्वर्ग का सर्वशक्तिमान परमेश्वर यह चाहता था कि उसके और हमारे बीच में कुछ और नहीं आना चाहिए. यह एक ऐसा सपना लग रहा था जिस पर यकीन करना मुश्किल था. मेरे स्वर्गीय पिता ने धीरे से मुझसे कहा, ''क्या तुम वास्तव में मेरी पेशकश को ठुकरा दोगे?''

''मैं क्या कर रहा हूँ?'' मैंने अपने आपसे कहा. ''नहीं प्रभु, मैंने यह विश्वास करने का निर्णय किया है कि आप मुझसे एक पुत्र के समान प्रेम करते हैं. मैं इसे पूरी रीति से समझ तो नहीं पा रहा हूँ लेकिन मैं इस बात पर विश्वास करता हूँ.''

